


दैनिक माधव संदेश

पल-पल की खबर हर पल

माधव संदेश

ईमानदार, निडर और निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल हम खबरें छिपाते नहीं,छापते है

संपर्क करें

9412612728,9412492416

वर्ष-33 | अंक-174 | इटावा,सोमवार 24 जुलाई 2023 | पृष्ठ-08 | मूल्य-1.50 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु की अदालतों से अंबेडकर की फोटो हटेंगी

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने एक सर्कुलर जारी किया है। इसमें कहा गया है कि तमिलनाडु और पुडुचेरी की अदालतों में महात्मा गांधी और तमिल कवि-संत तिरुवल्लुवर की तस्वीरें लगेंगी। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने कांचीपुरम के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज को भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अलंदुर बार एसोसिएशन में बने नए संयुक्त न्यायालय में लगी बीआर अंबेडकर की तस्वीर हटा दी जाए। कई वरिष्ठ वकीलों ने अंबेडकर मूर्तियों का उद्घाटन करने की अनुमति मांगी थी, जिसे हाई कोर्ट ने 11 अप्रैल को खारिज कर दिया। कोर्ट ने सर्कुलर में उन घटनाओं के बारे में भी बताया, जिनमें राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियों के साथ तोडफ़ोड़ की गई और जिसकी वजह से विवाद हुआ।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जीती तो भूपेश बघेल ही होंगे मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे लेकर कांग्रेस-बीजेपी रणनीति तैयार करने में जुट गई हैं। वहीं, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी। अगर पार्टी जीतती है, तो सीएम पद के लिए बघेल के नाम पर सबसे पहले विचार किया जाएगा। दरअसल, भूपेश बघेल और सिंहदेव के बीच लंबे समय सेतनातनी चली आ रही थी। सिंहदेव 2018 चुनाव के बाद मुख्यमंत्री बनने की रेस में भी थे। वे भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली अपनी ही सरकार के खिलाफ भी मुखर भी रहे। ढाई-ढाई साल के सीएम के फॉर्मूले को लेकर सिंहदेव खेमे की ओर से लगातार संकेत दिए जाते रहे। सिंहदेव ने तीन साल पहले ढाई-ढाई साल के सीएम फॉर्मूले को लेकर बहस तेज की थी।

### खरा उतरा स्काईरूट रॉकेट का इंजन, इसरो ने किया सफल परीक्षण

**हैदराबाद।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्काईरूट के रॉकेट के इंजन का सफल परीक्षण कर लिया है। हैदराबाद के एक अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट के रॉकेट इंजन का एक सफल परीक्षण की जानकारी तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स (आईपीआरसी) ने दी। उधर इसरो ने भी एक बयान में कहा कि आईपीआरसी में लिक्विड थ्रस्टर टेस्ट फैसिलिटी (एलटीटीएफ) में शुक्रवार के परीक्षण में रमन-2 इंजन का इस्तेमाल किया गया, जिसे स्काईरूट ने 820 न्यूटन( समुद्र स्तर) और 1,460 न्यूटन (वैक्युम) बल उत्पन्न करने के लिए डिजाइन किया है।

# जांच की हर स्थिति से गुजरने को तैयार है सीमा हैदर, बोली- वापस नहीं जाऊंगी



नोएडा । सीमा हैदर अब सीमा मीणा बन गई, उसने राष्ट्रप?ति को भेजी दया या?चिका में कुछ इस तरह से? ?जिक्र करते हुए अपने प?ति के घर में रहने की इजाजत मांगी है। जानकारी के अनुसार जासूसी के संदेह में घिरी सीमा हैदर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दया याचिका भेजी है। यूपी एटीएस की फिर से शुरू हुई पूछताछ और जांच के बाद अपनी इस दया याचिका में सीमा ने कहा कि वह किसी भी एजेंसी से जांच को तैयार है। उसने कहा है कि यूपी एटीएस अभी उसके केस की जांच कर रही है, लेकिन वह सीबीआई, एनआईए और रॉ जैसी एजेंसियों से भी अपनी जांच करवाने को तैयार है। याचिका में सीमा की तरफ से यहां तक कहा गया है कि वह पॉलिग्राफ, ब्रेन मैपिंग, लाई डिटेक्टर और अपने बच्चों के डीएनए टेस्ट तक के लिए तैयार है। याचिका में सीमा हैदर ने खुद को सीमा मीणा बताते अपने पति सचिन मीणा के पैतृक घर में रहने की इजाजत मांगी है। उसने बताया है कि उसका पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर चार साल पहले उसे तलाक दे चुका है। सचिन मीणा से उसने पूरे हिंदू रीति रिवाज से शादी की है। याचिका में सीमा की तरफ से दावा किया गया है कि वह गुलाम हैदर की दूसरी पत्नी थी और तलाक के बाद गुलाम हैदर तीसरी पत्नी के साथ रह रहा है। साथ ही, उसने पहली पत्नी के बच्चों को भी अपने साथ रखा हुआ है, जबकि तलाक के समय गुलाम हैदर ने उसके बच्चों को साथ रखने और गुजारा देने से भी मना कर दिया था। याचिका में सीमा की ओर से कहा गया है कि जब अदनान सामी को भारतीय नागरिकता मिल सकती है और आलिया भट्ट और अक्षय कुमार यहां के नागरिक न होते हुए भी भारत में रह सकते हैं, तो वह शादी करके अपने पति के घर में क्यों नहीं रह सकती है। उसने कहा कि पाकिस्तान लौटने पर उसकी और उसके बच्चों की जान को खतरा है। वह भारत सचिन के प्यार के खातिर आई है। उनके प्यार को लैला-मजनू, हीर-रांझा, शीरी-फैयाद और सोनी-महिवाल की तरह भविष्य में याद किया जाएगा। उसकी ओर से कहा गया है कि वह सिर्फ प्यार की खातिर ही भारत आई है। इस?लिए वह लौटकर वापस नहीं जाएगी। पति के साथ ही उसे यहां अपने ससुर और सास से जो प्यार, खुशी और शांति मिली है, वो उसे पहले कभी नहीं मिली है। याचिका में सीमा ने बताया है कि जो उसके पास से टूटा हुआ मोबाइल फोन बरामद हुआ है, वो पाकिस्तान का नहीं, बल्कि सचिन का दिया हुआ है। दया याचिका में सीमा ने कहा है कि अभी उसकी जांच चल ही रही है, वह पूरी तरह से निर्दोष है।

कांग्रेस के मध्यप्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ का वादा-

# जीते तो जातिगत जनगणना कराएंगे



संवाददाता ■ भोपाल

कांग्रेस के मध्यप्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में जातिगत जनगणना की वकालत की है। उन्होंने दावा करते हुए कहा, मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग की आबादी 55त्न है। सरकार जातिगत जनगणना इसीलिए नहीं करा रही, क्योंकि यह पोल खुल जाएगी।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कांग्रेस सरकार आने पर जातिगत जनगणना कराई जाएगी, ताकि जानकारी मिल सके... चाहे वे ब्राह्मण हों, राजपूत हों, लोधी हों, कुर्मी हों... सभी को पता चले कि हमारे समाज के गरीब लोगों को कौन सी परेशानी है। भोपाल के रविंद्र भवन में रविवार को हुए सम्मेलन में दिग्विजय सिंह शामिल नहीं हो सके। आयोजकों ने बताया कि उनकी आंखों में संक्रमण है। अपाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष भुवनेश पटेल ने दिग्विजय की ओर से भेजा गया संदेश पढ़कर सुनाया- मैं कल भी ओबीसी के साथ था, आज भी हूं और आगे भी रहूंगा। राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल ने कहा- यदि ओबीसीकमजोर होगा तो देश कमजोर होगा। वहीं, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा- 2004 में जब बीजेपी की सरकार आई, तब ओबीसी आरक्षण को लेकर विवाद शुरू हुआ। अपाक्स के तत्वावधान में हुए सम्मेलन में अखिल भारतीय ओबीसी महासभा, पिछड़ा वर्ग कल्याण परिषद, ओबीसी महासभा, ओबीसी फ्रंट ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेस फेडरेशन, पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

### अन्याय को ठीक करना है, कमलनाथ करेंगे

पीसीसी चीफ ने कहा- ओबीसी को आरक्षण देना मेरी भावना थी। आश्वासन देना चाहता हूं कि ओबीसी की जनसंख्या 55 प्रतिशत है, तो जो न्याय आपसे करना है और अन्याय को ठीक करना है, वह कमलनाथ करेंगे। आपके सामने सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। आज मध्यप्रदेश में 1 करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं।

### शिवराज ने 18 साल में कितनी घोषणाएं कीं

शिवराज ने 18 साल में कितनी घोषणाएं कीं। घोषणा मशीन अब डबल स्पीड से चल रही है। मैंने कहा कि मैं महिलाओं को 1500 रु. दूंगा, तो वे कह रहे हैं कि हम 3000 देंगे। इससे ज्यादा खुशी की बात क्या हो सकती है कि मैंने अगर कहा तो उन्हें भी कहना पड़ रहा है।

### भविष्य को लेकर सावधान करना चाहता हूं

मणिपुर में कैसे आदिवासी और गैर आदिवासियों में विवाद पैदा हो रहा है। आज तमिलनाडु में हिंदी का विवाद पैदा हो गया। पंजाब में खालिस्तान के नारे लग रहे हैं। भविष्य में क्या होगा?

## आर्मी के जवान को 10 साल से ज्यादा की सजा

**नई दिल्ली।** आर्मी ने पाकिस्तान दूतावास के कर्मचारी को सीक्रेट इंफॉर्मेशन देने वाले सैनिक को 10 साल 10 महीने जेल की सजा सुनाई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एक महिला अधिकारी की अध्यक्षता में सैनिक का कोर्ट मार्शल हुआ है। उस पर भारत की उत्तरी सीमाओं पर सैन्य गतिविधियों के बारे में पाकिस्तान जासूस को जानकारी देने का आरोप था। न्यूज एजेंसी ने बताया कि सैनिक ने दिल्ली स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के उच्चायोग में काम करने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक आबिद हुसैन उर्फ नाइक आबिद को जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करवाए। वो जहां तैनात था, वहां की जानकारी दी।

## जलप्रलय से हाहाकार... प्रशासन हुआ बेहाल

एजेंसी ■ दिल्ली

देश के कई राज्यों में मानसून कहर बनकर टूट रहा है। दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, मप्र समेत कई राज्यों में बारिश ने तहलका मचाया हुआ है। गुजरात और दिल्ली में भारी बारिश की वजह से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। गुजरात के दक्षिण और सौराष्ट्र क्षेत्रों के कई जिलों में शनिवार को भारी से बहुत भारी बारिश हुई। इससे शहरी इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और बांधों और नदियों में बढ़ते जलस्तर के बीच गांव अलग-थलग पड़ गए।

जूनागढ़ में मूसलाधार बारिश से हालात काफी बिगड़ गए हैं। गलियों में पानी इतनी तेज रफ्तार से बह रहा है कि घरों में फंसे लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। रस्सी और सीढ़ी के सहारे लोगों को बाहर निकाला जा रहा है। वहीं, शनिवार को हुई तेज बारिश जूनागढ़ के कई इलाकों के लिए आफत बनकर बरसी। शहर के दुर्वेशनगर, गणेश नगर, जोशीपारा समेत कई इलाकों के सैकड़ों कच्चे मकान ढह गए। यहां एक मंजिला मकान पूरी तरह से डूब गए थे, जिससे घरों का पूरा सामान बर्बाद हो गया है। बाढ़ की चपेट में आए सैकड़ों जानवरों के शव भी मिले हैं। बड़वानी में राजघाट पर नर्मदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 5 मीटर ऊपर पहुंच गया।

### हिमाचल में बाढ़ से 7 मौतें

हिमाचल के कुल्लू व शिमला में बादल फटने की घटनाएं हुईं, वहीं अलग-अलग हादसों में 7 मौतें भी हुई हैं। इससे प्रदेश में मानसून में मरने वालों की संख्या 154 हो गई है। महाराष्ट्र के इर्शालवाड़ी गांव में लैंडस्लाइड के चार दिन बाद भी 82 लोग लापता हैं।

## भारत-नेपाल बॉर्डर पर 2 चीनी नागरिक गिरफ्तार

### बिना वीजा-पासपोर्ट कर रहे थे प्रवेश

एजेंसी ■ बरेली



भारत-नेपाल बॉर्डर से शनिवार की रात दो चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों नेपाल के रास्ते भारत में बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के प्रवेश करने के दौरान इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। दोनों चीनी नागरिकों को रात 9 बजकर 30 मिनट में रक्सौल बॉर्डर पार करते हुए पकड़ा गया है। ये कार्रवाई भारत-नेपाल बॉर्डर पर तैनात इमिग्रेशन विभाग ने की है। शनिवार की रात दो चीनी नागरिक नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से प्रवेश कर रहे थे, तभी भारतीय कस्टम के पास इमिग्रेशन विभाग ने उन्हें पकड़ लिया और जांच करने के लिए कार्यालय लाया गया। उनके पास न तो पासपोर्ट था और न ही वीजा उपलब्ध था। दोनों चीनी नागरिकों की पहचान जियांग्सी, चीन निवासी जाओ शिया पिंग के 39 वर्षीय बेटे जाओ जिंग और पासपोर्ट नंबर ईजे 9445927, फू हॉन्ग गेन के 28 वर्षीय बेटे फू कॉन्ग के रूप में हुई है। फू कॉन्ग का पासपोर्ट नंबर ईके 5643259 है। दोनों व्यक्ति पहली बार नहीं, बल्कि दूसरी बार अवैध रूप से नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने की फिराक में थे। दो जुलाई को भी दोनों चीनी नागरिक नेपाल से भारत में बिना भारतीय वीजा के अनधिकृत रूप से भारत में प्रवेश के दौरान इमिग्रेशन अधिकारियों द्वारा पकड़े गए थे। दोनों को पहली बार बॉर्डर पार करने की कोशिश में इनके पासपोर्ट पर एंट्री रिफ्यूज्ड करके चेतावनी देकर वापस नेपाल भेज दिया गया।

## किसान को धमकी देकर लूटे 2 हजार किलो टमाटर: चेन्नई में बेचे

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 8 जुलाई को 2 हजार किलो टमाटर से भरे ट्रक को लूटने के मामले में कर्नाटक पुलिस ने एक कपल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कपल की पहचान वेल्लोर के रहने वाले भास्कर और उसकी पत्नी सिंधुजा के रूप में हुई है। मामले में तीन अन्य आरोपी रॉकी, कुमार और महेश की तलाश जारी है। किसान चित्रदुर्ग जिले के हिरियूर शहर से कोलार बाजार में टमाटर ले जा रहा था। टमाटरों पर नजर पड़ने के बाद बदमाशों ने गाड़ी का पीछा किया था। उन्होंने वाहन को रोक लिया और किसान और ड्राइवर के साथ मारपीट की। बदमाशों ने आरोप लगाया कि ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारी है। उन्होंने किसान से पैसों की मांग की और धमकाया। इसके बाद पैसे ट्रांसफर करवा लिए। वे किसान के साथ ट्रक में सवार हो गए। बाद में बदमाशों ने किसान को जबरदस्ती बाहर धकेल दिया था और टमाटर लदा ट्रक लेकर फरार हो गए।

## बरेली में कांवड़ियों पर पथराव,वनखंडी नाथ मंदिर से 150 मीटर पहले फेंके गए पत्थर, 6 कांवड़िए घायल, 5 थाने की फोर्स पहुंची

एजेंसी ■ बरेली

यूपी के बरेली में रविवार को कांवड़ियों पर पथराव कर दिया गया। जिससे अफरातफरी मच गई। पथराव में 6 कांवड़िए घायल हुए हैं। करीब 15 मिनट तक पथराव किया गया। हंगामे की सूचना मिलते ही 5 थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। इलाके में भारी तनाव है और मौके पर जमकर हंगामा हो रहा है। कांवड़िए धरने पर पर बैठ गए हैं। कांवड़िए वनखंडी नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे थे। वे अभी मंदिर से 150 मीटर दूरी पर थे, तभी बारादरी इलाके में धार्मिक स्थल के पास अराजक तत्वों ने पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें कुछ युवक पथराव करते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, घटना से कांवड़ियों में आक्रोश है। वे आरोपियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मौके पर एसएसपी प्रभाकर चौधरी और एसपी सिटी राहुल भाटी ने भी घटना की जानकारी ली। बता दें कि सावन का तीसरा सोमवार कल है। बड़ी संख्या में कांवड़िए मंदिर पहुंच रहे हैं। शहर में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा के चलते अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। पथराव के बाद पुलिस के सामने भी कुछ लोग हंगामा करते रहे। बताया जा रहा है कि तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। कांवड़िए जोगी नवादा में मस्जिद के पास ही पहुंचे थे कि अराजक तत्वों ने पथराव कर दिया।

## बैन के बावजूद केदारनाथ मंदिर के अंदर हुई फोटोग्राफी

एजेंसी ■ रुद्रप्रयाग



मोरारी बापू 12 ज्योतिर्लिंगों में राम कथा कर रहे हैं। 22 जुलाई से उनकी कथा केदारनाथ में शुरू हुई है। केदारनाथ मंदिर में फोटोग्राफी बैन का उल्लंघन करने वाले एक तीर्थयात्री को 11 हजार का फाइन देना पड़ा। यात्री ने गर्भगृह के अंदर पूजा करते समय मोरारी बापू की तस्वीर खींच ली थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने नियम तोड़ने वाले की पहचान के लिए फुटेज की मदद ली। गौरतलब है कि मोरारी बापू 12 ज्योतिर्लिंगों में राम कथा कर रहे हैं। 22 जुलाई से उनकी कथा केदारनाथ में शुरू हुई है।

जिस शख्स ने फोटो क्लिक किया था, वह मध्य प्रदेश के इंदौर का रहने वाला था। समिति ने युवक से लिखित माफी मांगने और बीकेटीसी को जुर्माने के तौर पर 11 हजार रुपए का दान देने कहा। यह अमाउंट देने के बाद ही उसे छोड़ा गया। युवक ने बताया कि मोरारी बापू को देखकर वह कुछ ज्यादा ही उत्साहित हो गया था।

## हैदराबाद में 712 करोड़ के चाइनीज फॉड का भंडाफोड़

**हैदराबादे।** हैदराबाद में पुलिस ने 712 करोड़ रुपए के चाइनीज फ्रॉड का भंडाफोड़ किया है। इसमें लोगों को रिव्यू करने के बहाने कमाई का लालच देकर ठगा जाता था। मामले में देशभर से 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो चाइनीज ऑपरेटर्स के इशारे पर काम करते थे। पुलिस के मुताबिक, फ्रॉड से जुड़े कुछ क्रिप्टो वॉलेट ट्रांजैक्शन्स का आतंकी संगठन हिजबुल्लाह वॉलेट के साथ भी लिंक मिला है।

# सीमा से 18 घंटे पूछताछ, जांच एजेंसियां उलझन में

एजेंसी ■ नोएडा

क्या सीमा प्यार में पाकिस्तान से नोएडा आई यह गुत्थी सुलझने के बजाय और उलझती जा रही है। वजह ये है कि हर सवाल का सटीक जवाब और कॉन्फिडेंस। सीमा ने 18 घंटे की पूछताछ में इस तरह से बेबाकी से जवाब दिया, जैसे उसे किसी ने ट्रेंड किया हो। एजेंसियों को शक है कि सीमा के भारत आने का मकसद कुछ और ही है।

यही नहीं, इंटेरोगेशन के दौरान सीमा जिस कॉन्फिडेंस से जवाब दे रही थी, उसे देखकर लगता है कि वह अब भी काफी कुछ छिपा रही है। इसलिए अब जांच एजेंसियां सीमा का साइकोलॉजिकल टेस्ट करवा सकती हैं। इसे लेकर एजेंसियों के बीच मंथन चल रहा है। एजेंसियां ढ्ढक्त्न Attitude और साइकोलॉजिकल टेस्ट से सीमा के दिमाग को जांचेंगी। साथ ही सेक्सोलॉजिकल टेस्ट भी कराया जा सकता है। माना जा रहा है कि एजेंसियां टेस्ट की इजाजत के लिए जल्द ही कोर्ट जाएंगी। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान अफसरों ने देखा कि सवालों से बचने के लिए सीमा अचानक रोने लगती है और फिर थोड़ी देर बाद ही मुस्कराकर जवाब देने लगती है। सचिन से सवालों पर यह कहती रही कि उसकी कोई गलती नहीं है, जो भी सवाल हैं, सचिन से पूछे जाएं। सबसे ज्यादा शक इस बात पर पैदा हो रहा है कि सीमा ने अभी तक किसी भी सवाल पर आपा नहीं खोया।

# मणिपुर वायरल वीडियो के बाद मिजोरम में दहशत:- मिजो नेशनल फ्रंट ने कहा- छोड़ दो राज्य, मैतेई समुदाय के 40 लोग वापस लौटे




दो महिलाओं को नग्न घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद शुक्रवार को मणिपुर के चुराचांदपुर में हजारों लोग काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

एजेंसी ■ इंफाल

मणिपुर में 4 मई को भीड़ ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर सड़क पर घुमाया था। 19 जुलाई को इसका वीडियो सामने आने के बाद राज्य में हिंसा बढ़ गई है। अब पड़ोसी राज्य मिजोरम में भी खतरा मंडरा रहा है। अंडरग्राउंड मिजो नेशनल फ्रंट के मिलिटेंट्स के संगठन पीस अकॉर्ड एमएनएफ रिटर्नीज एसोसिएशन ने एक बयान जारी करके कहा कि मिजोरम में रहने वाले मैतेई लोगों को उनकी सुरक्षा के मद्देनजर राज्य छोड़ देना चाहिए। इस वक्त मीजो समुदाय की भावनाएं आहत हैं।

डर के कारण मैतेई समुदाय के 40 लोग शनिवार को मिजोरम राज्य छोड़कर मणिपुर की राजधानी इंफाल आ गए हैं। हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं। मणिपुर सरकार ने भी कह दिया है कि वो अपने मैतेई लोगों को चार्टर्ड फ्लाइट से इवेक्युएट कराएगी। शनिवार को दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल मणिपुर पहुंचीं। एयरपोर्ट पहुंचते ही उन्होंने कहा- वह सीएम बीरेन सिंह से मिलने आई हैं।

### मिजोरम में मैतेई समुदाय के कितने लोग रहते हैं

मणिपुर मूल के मैतेई समुदाय के कई सारे लोग नॉर्थ ईस्ट के अलग-अलग राज्यों में नौकरी और बिजनेस के चलते वहां रहते हैं। मिजोरम की राजधानी एजवाल में ही करीब 2000-2100 मैतेई लोग रहते हैं।

### मिजो जनजाति कुकी के काफी करीब

मिजोरम राज्य में रहने वाली मिजो जनजाति का कुकी-जोमी समुदाय से ऐतिहासिक तौर पर एक भावनात्मक लगाव रहा है। मणिपुर में जिस तरह से हालात बदल रहे हैं उसकी वजह से दूसरे राज्यों में रहने वाले मैतेई समुदाय की मुश्किलें बढ़ रही हैं। मणिपुर में रहने वाले अब तक 12 हजार से ज्यादा कुकी समुदाय के लोगों को मिजोरम राज्य में शरण मिली है। शनिवार (22 जुलाई) को चुराचांदपुर और इंफाल के पास मैतेई और कुकी समुदाय के बीच रात भर फायरिंग हुई। बिष्णुपुर के थोरबुंग में भीड़ ने एक स्कूल और कई घरों में आग लगा दी इस दौरान ऑटोमैटिक राइफल्स, पॉम्पी गन्स, विस्फोटकों से हमला किया गया।

# रैपिडो ड्राइवर ने महिला से अश्लील हरकत की

एजेंसी ■ बेंगलुरु

बेंगलुरु पुलिस ने एक रैपिडो ड्राइवर को अश्लील हरकत करने और महिला पैसेंजर को परेशान करने के आरोप में शनिवार को अरेस्ट कर लिया। महिला का आरोप है कि, ड्राइवर बाइक पर मास्टरबेट कर रहा था। जिसके बाद वह रास्ते में उतर गई। घर पहुंचने के बाद ड्राइवर ने उसे वॉट्सएप पर आई लव यू का मैसेज भेजा।

### 21 जुलाई का है मामला

मामला 21 जुलाई का है। बेंगलुरु में एक महिला मणिपुर में हो रही हिंसा के खिलाफ प्रोटेस्ट में हिस्सा लेने टाउन हॉल गई थी। वापस आने के लिए उसे ऑटो राइड नहीं मिली तो रैपिडो बाइक बुक की। बुकिंग कंफर्म होने के बाद ड्राइवर एक बाइक लेकर आया जो एप में रजिस्टर्ड नहीं थी। महिला ने जब उससे पूछा, तो उसने बताया कि रैपिडो में रजिस्टर्ड बाइक सर्विस के लिए गई है। इसलिए वह दूसरी बाइक लेकर आया है। महिला ने उसकी बात मान ली और बाइक पर बैठ गई।

महिला ने आगे बताया, इस बीच बाइक एक सुनसान इलाके से गुजरी। आसपास कोई और गाड़ी नहीं थी। तभी ड्राइवर एक हाथ छोड़कर बाइक चलाने लगा। वह दूसरे हाथ से मास्टरबेट कर रहा था।

महिला को इसकी भनक जैसे लगी, वह अपने घर से 200 मीटर पहले उतर गई। जिसके बाद उसने पेमेंट किया और घर चली आई।




# अब मनसा देवी पहाड़ पर मंडराया खतरा!



उत्तराखंड के प्रायः हर क्षेत्र से आपदा की आहट सुनाई दे रही है। जोशीमठ में जमीन धसने के मामले सामने आ ही चुके हैं, इस बीच एक डराने वाला मामला हरिद्वार से आ रहा है। यहां मां मनसा देवी का पहाड़ लगातार दरक रहा है। मात्र दस दिनों में इस पहाड़ से छह बार मलबा नीचे आया है, जिससे रेलवे को लाखों का नुकसान हुआ।वही निचले इलाकों में रह रहे लोग भी दहशत में हैं। पहाड़ के आस-पास 12 हजार से ज्यादा की आबादी रहती है। अगर पहाड़ का शीघ्र ही ट्रीटमेंट न किया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिलाधिकारी धिराज सिंह गर्ब्याल ने पहाड़ के ट्रीटमेंट के लिए शासन को पत्र लिखा है। शीघ्र ही एक टीम पहाड़ के निरीक्षण के लिए पहुंच सकती है। लगातार दरक रहे मनसा देवी के पहाड़ ने अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले सालों की अपेक्षा इस बार पहाड़ के दरकने की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। जिस कारण ब्रह्मपुरी, काशीपुरा बस्ती में खतरा मंडरा रहा है।लगातार मलबा आने की वजह से यहां पर रेलवे ट्रैक 34 घंटे तक बाधित रहा। जिससे वंदे भारत एक्सप्रेस,शताब्दी एक्सप्रेस, जनशताब्दी एक्सप्रेस समेत 118 ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। जिसकारण रेलवे को लाखों का नुकसान हुआ है, साथ ही तलहटी पर बनी कॉलोनियों में खतरा बढ़ गया है। इससे पहले सन 2017 में यहां की आबादी काशीपुरा के पास पहाड़ गिर गया था। अब पहाड़ से लगातार मलबा आ रहा है। प्रशासन की ओर से किए गए सर्वे में कहा गया था कि यहां ट्रीटमेंट की जरूरत है, लेकिन तब से अब तक बचाव का कोई खास काम नहीं किया गया। पहाड़ के पास ब्रह्मपुरी, काशीपुरा ओर जोगियामंडी में 12 हजार से ज्यादा लोग बसे हैं। ये सभी दहशत में हैं। पहाड़ से आ रहा मलबा बाजारों में पहुंच रहा है, जिससे व्यापारियों को भी लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। लेकिन उनकी मदद करने वाला भी कोई नही है।इस पहाड़ को लेकर रुड़की आईआईटी की टीम वर्ष 2013 में सर्वे कर चुकी है। उस समय भी बताया गया था कि पहाड़ लगातार दरक रहा है। लेकिन तब से अब तक कोई खास काम नहीं किया गया है। अब आसपास रहने वाले लोगों को पहाड़ तेजी से दरकने का डर सता रहा है।नालों के जरिये सबसे अधिक मलबा सब्जी मंडी और विष्णु घाट में पहुंचता है। जिससे बाजारों में व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। इसी को लेकर व्यापारियों ने जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के सामने ये मामला उठाया था, ताकि कोई स्थाई समाधान किया जा सके। बाजारों में आने वाले मलबे को रोका जा सके, ताकि नुकसान न हो।मां मनसा देवी को भगवान शिव की मानस पुत्री और नागराज वासुकी की बहन के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि जो भी मां मनसा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ हरिद्वार में आकर पूजा अर्चना करता है,उसकी मनोकामना पूरी होती है।हरिद्वार से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर शिवालिक पहाड़ियों के बिलवा पहाड़ में मां मनसा देवी का प्रसिद्ध मंदिर है।श्रद्धालु यहां अपनी मुराद लेकर आते हैं। माना जाता है कि यहां आने वाले हर भक्त की मुरादें मां जरूर पूरी करती हैं। हरिद्वार में मां मनसा का यह मंदिर 52 शक्तिपीठों में एक है।मंदिर तक पैदल पहुंचने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। इसके अलावा केबल से संचालित उड़नखटोले, कार या बाइक आदि के जरिए भी मंदिर तक पहुंचा जा सकता है।हरिद्वार के अलावा राजस्थान के अलवर, सीकर, कोलकाता, बिहार के सीतामढ़ी आदि में भी मनसा देवी के मंदिर हैं। मनसा के नाम का ही अर्थ इच्छा पूरी करने वाला है। मां मनसा के मंदिर आकर लोग अपनी मुरादें पूरी करने के लिए यहां पेड़ की शाखा में एक पवित्र धागा बांधते हैं और इच्छा पूर्ण हो जाने के बाद दोबारा आकर धागे को खोलते हैं और मां मनसा का आशीर्वाद भी लेते हैं। भगवान शिव की तीन पुत्रियों में एक का नाम मनसा भी है। इन्हें देवी पार्वती की सौतेली पुत्री माना गया है। कार्तिकेय की तरह ही देवी पार्वती ने मनसा को भी जन्म नहीं दिया।इसलिए मनसा को भगवान शिव की मानस पुत्री कहा जाता है। भगवान शिव से ही मनसा ने शिक्षा-दीक्षा ग्रहण की,ऐसी मान्यता है।लेकिन मां मनसा देवी मंदिर का पहाड़ ही खतरे में आ जाने से भविष्य में मंदिर पर भी संकट उत्पन्न हो सकता है।इसी लिए जिलाधिकारी उक्त पहाड़ को बचाने के लिए गम्भीर है और शासन को उन्होंने इस पहाड़ की मरम्मत कराने की गुजारिश की है।

# अभी और कितना जलेगा मणिपुर

(लेखक - रमेश सर्राफ धमोरा)

मणिपुर देश के पूर्वोत्तर में स्थित एक महत्वपूर्ण राज्य है। जिसकी सीमा पड़ौसी देश म्यांमार से लगती है। पिछले 3 महीनों से मणिपुर राज्य अंदरूनी हिंसा से जूझ रहा है। यहां की आबादी के दो प्रमुख समुदाय मैतई व कुकी जनजाति के मध्य जातीय संघर्ष छिड़ा हुआ है। जिसमें अब तक सरकारी आंकड़ों के अनुसार 160 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है व 450 लोग घायल हो चुके हैं। तीन महीने बीत जाने के बाद भी आपसी संघर्ष रुकने का नाम नहीं ले रहा है। मणिपुर में 2017 से भाजपा के एन बीरेन सिंह मुख्यमंत्री है। लेकिन इस समय एन बीरेन सिंह की सरकार वहां की हिंसा पर नियंत्रण करने पर पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। हर दिन हो रही आपसी मारकाट के चलते मणिपुर का जनजीवन पूरी तरह से ठप्प हो गया है।

हाल ही में एक पुरानी घटना का वीडियो सामने आया था। जिसमें कुछ महिलाओं के साथ मैतई समुदाय के लोगों ने बलात्कार कर उनको नंगा घुमाया था। इस घटना के सामने आने के बाद पूरा देश खुद को शर्मसार महसूस कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस घटना पर स्वतः प्रसंज्ञान लेते हुए केंद्र व राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि मणिपुर में शांति बहाली की दिशा में त्वरित कार्यवाही की जाए। विपक्षी दलों के नेता लंबे समय से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहे हैं।

प्रदेश में चल रही अशांति के चलते मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह कुछ समय पूर्व राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने जा रहे थे तो रास्ते में महिलाओं के समूह ने एकत्रित होकर उनके इस्तीफे को छीनकर फाड़ दिया था। विपक्ष द्वारा उस घटना को सरकार द्वारा प्रायोजित घटना बताई जा रही है। वही उस घटना के बाद मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह प्रदेश को आपसी संघर्ष की आग में जलता हुआ छोड़कर अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोडेगें।

सुप्रीम कोर्ट के प्रसंज्ञान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मणिपुर की घटनाओं की निंदा करते हुए गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होने कहा किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा। मणिपुर की पुलिस भी आपसी जातीय गुटों में बंट चुकी है। पुलिस के जवान पुलिस थानों से आधुनिक हथियार छीनकर एक दूसरे के खिलाफ उपयोग कर रहें हैं। राज्य सरकार शांति बहाली की प्रक्रिया में पूरी तरह असफल रही है। ऐसे में केंद्र सरकार को त्वरित कार्यवाही करते हुए मणिपुर में शांति बहाली हो इस दिशा में तेजी से काम करना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वयं आगे आकर सभी विपक्षी दलों के नेताओं से मणिपुर की स्थिति को लेकर चर्चा कर उनके सुझाव लेने चाहिए। मणिपुर से म्यांमार की 350 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा



लगती है। जिसके ज्यादातर हिस्से में किसी तरह की फेंसिंग नहीं होने के कारण लोगों का बिना किसी डर के आना जाना लगा रहता है। म्यांमार में सेना द्वारा तख्ता पलटने के बाद बड़ी संख्या में वहां से शरणार्थियों ने पलायन कर मणिपुर में घुसपैठ कर ली है। जिससे भी मणिपुर की स्थिति और अधिक खराब हो गयी है। म्यांमार से आने वाले शरणार्थियों का मणिपुर के कुकी लोगों के साथ जुड़ाव होने के चलते मैतई लोगों में भय है कि शरणार्थियों के कारण कुकी लोगों की आबादी बढ़ने से वह बहुसंख्यक बन जाएंगे।

मणिपुर की आबादी करीब 38 लाख है। यहां तीन प्रमुख समुदाय मैतेई, कुकी और नगा है। मैतई ज्यादातर हिंदू हैं। कुकी-नगा ईसाई हैं व एसटी वर्ग में आते हैं। मैतई आबादी करीब 55 प्रतिशत है जो इम्फाल घाटी में रहते हैं। वहीं कुकी-नगा आबादी करीब 45 प्रतिशत है। जो ज्यादातर पहाड़ों में रहते हैं। मैतई समुदाय ने मणिपुर हाईकोर्ट में याचिका लगाकर उन्हें भी जनजाति का दर्जा देने की मांग की थी। उनकी दलील थी कि 1949 में मणिपुर का भारत में विलय होने से पहले उन्हें जनजाति का दर्जा मिला हुआ था। इसके बाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से सिफारिश की थी कि मैतेई को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाए।

नगा-कुकी दोनों जनजाति मैतई समुदाय को आरक्षण देने के विरोध में हैं। आदिवासी समूहों को डर है कि यदि मैतई को विशेष दर्जा मिलता है तो उनका पहाड़ी क्षेत्रों पर भी कब्जा हो जाएगा। इनका कहना है कि राज्य की 60 में से 40 विधानसभा सीट पहले से मैतई बहुल इम्फाल घाटी में हैं। ऐसे में मैतई को एसटी का आरक्षण मिलने से उनके अधिकारों का बंटवारा होगा। मणिपुर के 60 में से 40 विधायक मैतई और 20 विधायक नगा-कुकी जनजाति से हैं। अब तक 12 में से दो ही मुख्यमंत्री नगा, कुकी जनजाति से रहे हैं।

मैतई और कुकी कि अलग-अलग संस्कृति और परंपरा है। विवाद के मूल कारण पहाड़ी बनाम घाटी की पहचान का संघर्ष और समान विकास नहीं होना है। मैतई राजनीतिक प्रभुत्व वाला समुदाय है जिनके कारण राज्य का विकास घाटी तक ही सीमित है। सरकारी नौकरियों में भी मैतई समुदाय का प्रभुत्व अधिक है। राज्य के कानून के कारण मैतई समुदाय के लोग पहाड़ों में जमीन नहीं खरीद सकते हैं। जबकि कुकी सहित अन्य जनजाति समूह के लोग राज्य के किसी भी हिस्से में जमीन खरीद सकते हैं। इसी कारण से मैतई लोगों को लगता है कि राज्य के कानून में जनजातियों को उनकी आबादी की तुलना में अधिक लाभ प्रदान किए गए हैं।

मणिपुर में चल रहे आपसी जाति युद्ध को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार को मणिपुर के सभी समुदायों में विश्वास पैदा करना होगा। केंद्र सरकार को वहां के लोगों को यह बताना होगा कि किसी भी जाति, धर्म, समुदाय के लोगों के साथ भेदभाव नहीं होगा। उनके अधिकारों का किसी भी सूरत में हनन नहीं होने दिया जाएगा। केंद्र सरकार के बड़े नेताओं को मणिपुर जाकर शांति बहाली के प्रयास करने चाहिए।

आज मणिपुर में हिंसा की आग इतनी तेज हो गई है कि कोई भी राजनीतिक दल या नेता दिल्ली में बैठकर मणिपुर में शांति बहाल नहीं कर सकता है। अब तो मणिपुर के पड़ोसी राज्यों के मुख्यमंत्री भी मणिपुर में चल रही हिंसा को लेकर चिंता जाहिर करने लगे हैं। उन्हें भी डर है कि यदि मणिपुर में भड़की हिंसा पर शीघ्र ही काबू नहीं पाया गया तो धीरे-धीरे उसका असर पड़ोसी राज्यों के लोगों पर भी पड़ने लगेगा। जिससे वहां भी कानून व्यवस्था की स्थिति व्याप्त हो सकती है।

विपक्षी दलों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो हमेशा शांति व भाईचारे की बातें करते हैं। वह पिछले तीन महीने से मणिपुर को लेकर चुप क्यों है। प्रधानमंत्री मोदी को मणिपुर की हिंसा को रोकने के लिए मणिपुर का दौरा कर वहां के लोगों से बात करनी चाहिए। उन्हें विश्वास देना चाहिए कि केंद्र सरकार वहां के लोगों के अधिकारों में किसी भी तरह की कटौती नहीं होने देगी। गृह मंत्री अमित शाह मई महीने में मणिपुर का दौरा कर विभिन्न समुदायों के लोगों से मिल चुके हैं। लेकिन उनके दौरे का मणिपुर में शांति बहाली के दिशा में कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री को सामने आकर प्रदेश में शांति बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ करनी होगी तभी मणिपुर में शांति बहाली हो पाएगी।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

# काशी में मंदिर प्रमुखों का महाकुंभ, स्मार्ट टेंपल की तैयारियां

लेखक - सनत जैन

काशी विश्वनाथ की नगरी वाराणसी में 3 दिन का इंटरनेशनल टेंपल कन्वेंशन का सम्मेलन शुरू हो गया है। इसमें देश एवं विदेशों के बड़ी संख्या में मंदिर प्रबंधक शामिल हुए है। अमेरिका ब्रिटेन मलेशिया और कनाडा सहित 32 देशों के मंदिर प्रबंधकों को भी इस सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। मंदिरों में किस तरह की व्यवस्था हो मंदिरों के धन का उपयोग किस तरह से हो, छोटे शहरों और गांवों में जो मंदिर स्थापित हैं, उनका कैसे जीर्णोद्धार कर भव्य स्वरुप दिया जाए, मंदिरों से स्वास्थ्य सेवाओं और लंगर इत्यादि को चलाने तथा गरीब बच्चों की पढ़ाई की दिशा में मंदिरों में क्या प्रबंध किए जा सकते हैं, इस संबंध में विचार किया जा रहा है। इस सम्मेलन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के दीप प्रज्वलन से शुरू हुई। मोहन भागवत ने मंदिरों को राष्ट्रीय एकता का सूत्रधार बताते हुए मंदिरों को उपासना सेवा और भारतीय कला का केंद्र बनाने की आवश्यकता जताई। राजनीतिक क्षेत्रों में काम करने वाले नेताओं को विशेष रूप से हिंदू धर्म की रक्षा में जुटे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को दुनिया भर के मंदिरों में 3.28 लाख करोड़ रुपए की जो आय हो रही है, उसके के माध्यम से हिंदुत्व को किस तरीके से एक बेहतर धर्म के रूप में स्थापित किया जाए। इसके लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दू धर्मायजनों को एक मंच पर लाने की तैयारी है। बिना चमत्कार के कोई नमस्कार नहीं करता है। अब मंदिरों में ऐसा क्या चमत्कार हो, कि सब लोग नमस्कार करने के लिए विवश हों। इसके लिए मंदिरों को स्मार्ट मंदिर के रूप में स्थापित करने, उनको जनसाधारण के सरोकार से जोड़ने, भगवान और देवी देवताओं के चमत्कारों के माध्यम से मंदिरों के चमत्कार को जनसाधारण तक पहुंचाने की मुहिम के रूप हो। इस सम्मेलन में 10 देशों के प्रतिनिधि वाराणसी पहुंचे हैं। 22 देशों की सहभागिता डिजिटल माध्यम से इस सम्मेलन में हो रही है। भारत सहित 57 देशों में स्थापित 9000 से ज्यादा मंदिरों का डाटाबेस संघ ने तैयार किया है। इस आयोजन को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से भी जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारत के सबसे ज्यादा धनी तिरुमाला मंदिर का सालाना बजट 4400 करोड रुपया है। तिरुपति मंदिर ही एकमात्र भारत का ऐसा मंदिर है। जहां पर 7000 कर्मचारी काम करते हैं। मंदिर द्वारा शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जाती हैं। मंदिर में स्वास्थ्य और वैदिक अध्ययन इत्यादि की सुविधाएं हैं। तिरुपति मंदिर का 17000 करोड़ रुपए का निवेश बैंकों में है। इसी तरह से पद्मनाभ मंदिर भारत के सबसे धनी मंदिर की सूचियों में शामिल है। इन मंदिरों कि आय और इनकी ताकत को लेकर एक नए राजनैतिक समीकरण की शुरुआत भारत और दुनिया के देशों में होने जा रही है। इसकी अगुवाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कर रहा है। उसका राजनीतिक एजेंडा भी साथ-साथ चलता है। इस मुहिम में कोई शंकराचार्य का धर्माचार्य शामिल नहीं है। मंदिर के प्रबंधक संघ छत के नीचे आने के लिए सहमत होते हैं या नहीं। इसको लेकर भी सम्मेलन में जो प्रबंधक आए हुए हैं, वह इस तरह की पहल से असहमत हैं। पिछले कई वर्षों में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का मंदिरों की व्यवस्था और मंदिरों की आय को लेकर जो हस्तक्षेप सरकारों द्वारा किया जा रहा है। उसे मंदिर प्रबंधक स्वीकार नहीं कर रहे हैं। जगह-जगह पर धार्मिक आधार पर चमत्कारी मंदिर तैयार हो जाएंगे, तो जिन मंदिरों की चमत्कारिक पौराणिक प्रतिष्ठा है, उनकी आय भी आगे चलकर प्रभावित हो सकती है। मंदिर प्रबंधकों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता भी खतरे में पड़ सकती है। इसको लेकर भी जो मंदिर प्रबंधक वाराणसी पहुंचे हैं। उनके बीच में तरह-तरह की आशंकाएं देखने को मिल रही हैं। मंदिरों में जनता अपनी श्रद्धा और भक्ति के साथ जो पैसा दान करती है। निश्चित रूप से उसका उपयोग आम जनों के लिए होना ही चाहिए। जितने भी भगवान पौराणिक हिंदू मान्यताओं में हैं। उन्होंने जन कल्याण के लिए अपना सब कुछ छोड़कर जन कल्याण के लिए काम किया। उन्होंने जंगलों में तपस्या की। खुद कष्ट सहे, भक्तों के कष्ट दूर किये। जिसके कारण वह भक्तों के भगवान बन पाए। इस कलयुग में जिस तरह से मंदिरों में बैठे हुए भगवानों की मूर्तियों को सोने चांदी और बड़े-बड़े महलों में रहने के लिए विवश किया जा रहा है, उससे ईश्वर की छवि में भी विपरीत असर पड़ रहा है। जब भारत में स्मार्ट मंदिर बनेंगे, उन में घुसने वाले लोग धनी मानी होंगे। गरीबों भक्तों को दर्शन करने में कठिनाई होगी। उन्हें लाइने लगाकर दर्शन करने के लिए विवश किया जाएगा। वहीं धनी मानी लोग दान और पैसे देकर भगवान के तुरंत दर्शन कर पाएंगे। इससे भक्तों की श्रद्धा में भी कमी आने से कोई रोक नहीं पायेगा। आस्था और श्रद्धा लाखों-करोड़ों गरीब भक्तों की होती है। धनवान लोग भगवान के दर्शन करने के लिए जिस तरह से अपने धन और ऐश्वर्य का प्रदर्शन करते हैं। सनातन संस्कृति के अनुसार हमारे भगवान उनकी भक्ति को स्वीकार भी नहीं करते हैं। क्योंकि उसमें अहंकार होता है। भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं है। पहली बार देश के सभी मंदिरों के व्यवस्थापक एकजुट हो रहे हैं। यदि वह धार्मिक भावनाओं से भक्तों के कष्ट निवारण के लिए एकजुट होकर काम करते हैं, तो इसमें किसी को कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। वाराणसी में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मंदिर के व्यवस्थापक एकजुट हो रहे हैं।



एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को से मिटाया जाता है क्या अंधेरा से मिटता है समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

## आज का सुविचार

एक बेहतरीन किताब 100 अच्छे दोस्त के बराबर है, लेकिन एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त पुस्तकालय के बराबर है।
**- अब्दुल कलाम**

शिक्षा सबसे अच्छी मित्र है। एक शिक्षित व्यक्ति हर जगह सम्मान पता है। शिक्षा सौंदर्य और यौवन को परास्त कर देती है।- **चाणक्य**

# आखिर कब तक महिलाएं दरिंदगी का शिकार होती रहेगी



लेखक - डॉ. भरत मिश्र प्राची

मणिपुर राज्य में दो माह पूर्व जिस तरीके से दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर आम सड़क पर चारों ओर भीड़ एवं पुलिस प्रशासन के सामने घुमाये जाने का जो विडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसने पूरी मानवता को शर्मसार कर दिया हो उसे देखकर ऐसा लगता है कि इस घटना ने द्वापर युग के महाभारत काल के चीर हरण घटना को भी पीछे छोड़ दिया हो। वहां तो द्रौपदी की लाज बचाने के लिये तो कृष्ण थे पर यहां इन महिलाओं की लाज बचाने के लिये कोई आगे नहीं आया। सभी को सुरक्षा देने का संकल्प लेने वाली पुलिस भी भीड़ की तरह इस शर्मसार दृश्य का नजारा देखती रही। इस घटना ने पूरे देश को हिला दिया। वहां की सरकार एवं प्रशासन पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया। विपक्ष इस घटना को लेकर ससंद में चर्चा की मांग कर रहा है तो सरकार चर्चा कराने की बात कर रही है पर इस घटना को लेकर दोनों पक्ष की ओर से फिलहाल समाधान निकालने के बजाय केवल एक दूसरे पर टिका टिप्पणी का उभरता महौल दिखाई दे रहा है। इस घटना के संदर्भ में केन्द्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को ठोस कदम उठाये जाने की बात के अलावे अभी कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहा है। विपक्ष मुख्यमंत्री हटाने की मांग कर रहा है तो सत्ता पक्ष पूर्व में राजस्थान, पं. बंगाल एवं विपक्ष से जुड़े अन्य राज्यों में महिलाओं के साथ घटित घटनाओं पर वहां के मुख्यमंत्री हटाये जाने की मांग कर रहा है। इस तरह की ओछी राजनीति का शिकार देश की महिलाएं हो रही है जहां इस तरह की दरिंदगी रोके जाने का कोई ठोस उपाय नजर नहीं आ रहा है। अभी मणिपुर का महौल इस घटना को लेकर गर्म ही है कि इसी तरह की जुड़ी घटना अभी हाल ही में बिहार राज्य के बेगूसराय जिले में घर के भीतर निर्वस्त्र कर युवती की पिटाई किये जाने का दृश्य सोशल मीडिया में आने की चर्चा ने फिर से दरिंदगी का शिकार होती महिलाओं की पृष्ठिभूमि को उभर दिया। जब कि मणिपुर एवं बेगूसराय की दोनों घटनाओं का परिवेश अलग अलग है पर कानून अपने हाथ में लेने एवं महिला से दुराचार करने का अभद्र परिवेश एक जैसा है। महिलाओं के साथ गैंग रेप की घटनाएं पहले भी घटती रही, दोषियों को फांसी की सजा तक होती रही। पर आज तक इस तरह की घटनाएं नहीं रूकी। मणिपुर की दरिंदगी भरी शर्मसार कर देनी वाली इस घटना ने एक नया इतिहास कायम कर दिया है । आखिर कबतक समाज में इस तरह की शर्मसार घटनाएं महिलाओं के साथ घटती रहेगी। इसका जबाब पक्ष विपक्ष दोनों को देना होगा।

इस तरह की घटनाओं को रोके जाने की पहल करने की नैतिक जिम्मेवारी दोनों पक्ष की बनती है। एक दूसरे पर दोषारोपण कर अपनी जिम्मेवारी से कदापि बचा नहीं जा सकता। इस तरह की घटना मणिपुर की हो, पं बंगाल की हो, राजस्थान की हो या किसी और राज्य की हो शर्मसार है जिसे रोके जाने की पहल सभी को मिलकर करना चाहिए। इसे लेकर की जा रही ओछी राजनीति इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले के मनसूबे को और उच्चा करेंगी। इस तथ्य को सभी को समझना होगा तभी समाधन भी निकल सकेगा वरना इस तरह की घटनाएं घटने के बजाय और बढ़ती जायेगी।

**(स्वतंत्र पत्रकार)**




राशिफल

शुभ संवत 2080, शाके 1945, सौम्य गोष्ठ, श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमें तिथि चर्तुदर्शी, रविवासरे, आद्रानक्षत्रे, धुव योगे, विवकरणे, मिथुन की चंद्रमा, भद्रा 09/20 तक कर्क में सूर्य 29/07 तक संक्रान्ति मुर्हूत पुण्यकाल तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ होगी।

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, दार्शनिक, सुन्दर, सुशील, तथा कोमल हृदय वाला, दानीमानी, उत्तम बुद्धिवाला तथा कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर आपरेटर, तथा उत्तम शिक्षाविद, शिक्षा शास्त्री तथा उत्तम वृत्ति वाला, योगीभोग, परम कल्याण कारक, उद्यमी होगा।

**मेष राशि** - सोचे हुए कार्य पूर्ण हो, सामर्थ्य के योग बने, अधिकारियों से संतोष अवश्य ही बनेगा।

**वृष राशि** - अधिकारियों का समर्थन बना रहे, आशानुकूल सफलता से हर्ष अवश्य होगा।

**मिथुन राशि** - अधिकारियों के तनाव व विरोध से बचिये, वहीं आरोप कष्ट कारक हो सकते हैं।

**कर्क राशि** - अशुद्ध गोचर रहने से विशेष कार्य स्थिगित रखें, व्यापार से हानि होवेगी।

**सिंह राशि**- तनाव, क्लेश व अशांति होवे, समय और धन व्यर्थ नष्ट होगा, ध्यान देवें।

**कन्या राशि** - व्यर्थ धन का खर्च, दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप से तनाव अवश्य ही बनेगा।

**तुला राशि** - सतर्कता से कार्य निपटा लेवें, व्यवसायिक चिन्ता कम अवश्य होगी।

**वृश्चिक राशि** - आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, अर्थव्यवस्था विशेष अनुकूल होवेगी।

**धनु राशि** - चिन्ता निवृति, योजना फलीभूत होगी, मनोबल उत्साह वर्धक बना रहेगा।

**मकर राशि** - मानसिक क्लेश व अशांति व शारीरिक कष्ट, विभ्रम तथा कष्ट होवेगा।

**कुंभ राशि** - स्त्री वर्ग से हष, उल्लस एवं दैनिक समृद्धि के साधन अवश्य ही बन जायेंगे।

**मीन राशि** - आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, आपकी चिंताएं कम होंगी तथा रूके कार्य बनेंगे।

## आज का कार्टून



## तप कर सोना बनता कुंदन और तप से हासिल होता ज्ञान: आचार्य सुधीर

### ध्रुव चरित्र सुन लोग मंत्र मुग्ध



**जसवंतनगर( इटावा )।** इस सृष्टि का आधार तप है, तप से ही मनुष्य जीवन में सब कुछ प्राप्त करता है। तप कर ही सोना कुंदन बनता है। तप से ही बड़े-बड़े ऋषि-मुनियों ने सिद्धियां प्राप्त की। तप के माध्यम से ही विद्यार्थी जीवन में ज्ञान की प्राप्ति होती है। यह गूढ़ रहस्य यहां नगर के अहीरटोला मोहल्ला में स्थित प्राचीन 卐शाला मंदिर卐 पर चल रही मदभगवाद कथा के दूसरे दिन भगवताचार्य सुधीर महाराज ने ध्रुव चरित्र का रोचक वर्णन करते हुए बताये। कथा दौरान उन्होंने बताया कि मनु और शतरूपा के दो पुत्र हुए और तीन पुत्रियां। पुत्रों के नाम प्रियव्रत और उत्तानपाद। राजा उत्तानपाद की दो रानियां हैं, एक का नाम सुरुचि और दूसरी का नाम सुनीति है। राजा सुरुचि को अधिक प्यार करते हैं। जिनके पुत्र का नाम उत्तम है और सुनीति के पुत्र का नाम ध्रुव है। बालक ध्रुव एक बार पिता की गोद में बैठने की जिद करने लगता है, लेकिन सुरुचि उसे पिता की गोद में बैठने नहीं देती है। ध्रुव रोता हुआ मां सुनीति को सारी बात बताता है, मां की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वह ध्रुव को भगवान की शरण में जाने को कहती हैं। पांच वर्ष का बालक ध्रुव राज्य छोड़कर वन में तपस्या के लिए चला जाता है।नारद जी रास्ते में मिलते हैं और ध्रुव को समझाते हैं कि मैं तुम्हें पिता की गोद में बैठाऊंगा, लेकिन ध्रुव ने कहा कि पिता की नहीं अब परम पिता की गोद में बैठना है और फिर ऐसा ही वह प्राप्त कर सका था कठिन तपस्या से भगवान को प्रसन्न करने में सफल हुआ था। कथा में परीक्षित रामेश्वर दयाल यादव ,भगवती देवी तथा कथा के संयोजक पूर्व चेयरमैन श्रीपति यादव तथा उनकी पत्नी मोहर श्री मौजूद रही।

## जामुन के पेड़ की टहनी पर बुजुर्ग का फांसी पर लटका शव मिला,पुलिस व फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

**इटावा/भरथना।** जनपद औरैया के थाना कुदरकोट के पदमपुर गांव निवासी बुजुर्ग लक्ष्मी नारायण (66) का अपने गांव से कुछ दूरी पर भरथना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगला रता निवासी एक व्यक्ति के खेत की मेड़ पर लगे जामुन के पेड़ की टहनी पर गमछे के फंदे पर शव मिलने पर आसपास लोगों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुँचे पुत्र शिवपूजन आदि परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी, हल्का इंचार्ज गंगासागर आदि पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल की,बाद में फोरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस द्वारा फांसी पर लटके शव को उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## खेत की मेड़ को लेकर विवाद करने पर दो लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की

**भरथना।** उपनिरीक्षक पूर्णा तिवारी ने बताया कि रमायन गांव निवासी पंकज व रामविलास के खिलाफ खेत की मेड़ को लेकर आपस में वाद विवाद करने पर शांति भंग की कार्रवाई की गई।

## मंत्री, सांसद ने शोक संवेदना व्यक्त की

भरथना, इटावा। बीते दिवस सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह चौधरी मुन्नू की धर्मपत्नी शशि चौधरी के निधन उपरान्त शनिवार की दोपहर को मंत्री दयाशंकर सिंह व सांसद डा. रामशंकर कठेरिया ने कस्बा के पुराना भरथना स्थित उनके आवास गढी पर पहुँचकर शोक संतृप्त परिवार से मुलाकात करके शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही मृतक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से कामना की। इस मौके पर पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया के अलावा कैलाश नाथ चौधरी, सुशील चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, दीपकनाथ चौधरी बद्री, पिंकी चौधरी, मृत्युंजय चौधरी, सुनील चौधरी, अवधेश चौधरी, आशीष चौधरी सोनी, तनमन चौधरी, रंजन चौधरी, प्रतीक चौधरी सनी आदि परिवारीजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक 25 को

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नगर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ने बताया कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के निदान हेतु प्रत्येक माह व्यापारी प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की जाती है इसी क्रम में 25 जुलाई को शाम 4 बजे पुलिस लाइन के नवीन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आहूत की गई है। जिस किसी व्यापारी पदाधिकारी को अधिकारियों से किसी प्रकार की भी समस्या हो तो वह लिखित रूप से जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान जी को उपलब्ध करा दें और हो सके तो उपरोक्त बैठक में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराएं। वहीं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन जिला प्रवक्ता इकरार अहमद ने कहा 25 जुलाई दिन मंगलवार समय दोपहर 4 पुलिस लाइन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की गोष्ठी का आयोजन किया गया है किसी भी व्यापारी की व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ से संबंधित शिकायत है लिखित रूप में लेकर आए और समय पर सभी व्यापारी गोष्ठी में शामिल हो।

## विशुन बाग से निकाला गया संजेरी का जुलूस

इटावा। हर साल की तरह इस साल भी हजरत इमाम हुसैन की यादगार में मोहर्रम की 4 तारीख को विशुन बाग से मोहम्मद जहीर की देखरेख में संजरी का जुलूस निकाला गया यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करता हुआ दरगाह हजरत अबुल हसन शाह वारसी पहुंचा जहां पर जुलूस का स्वागत किया गया जुलूस में अलम परचम के ढोल तासों के साथ मातम किया गया जुलूस में संजेरी अलम और चौकिया चल रही थी जिनकी जियारत करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जुलूस में ममता चौधरी गुड्डू खलीफा रईस कल्लू शानू आमीन शोएब सौरभ शालू पटेल शकील पप्पू अशफाक आदि लोग शामिल रहे।

## जमीन कब्जाने व फसल बर्बाद करने में मुकदमा दर्ज

**चकरनगर, इटावा। चकरनगर थाना क्षेत्र के गांव नगला छीते की मड़ैया निवासी केशकली पत्नी भोला सिंह ने भरेह थाना क्षेत्र के गांव कांयछी में कुछ जमीन खरीदी थी। जमीन पर गांव के ही नामजद लोग जबरिया अवैध कब्जा कर रहे थे। जिसमें पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही राजकुमार, नीरज व शिवकुमार पुत्रगण बादशाह के खिलाफ एकजुट होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया।**

## भाविप मुख्य शाखा सदस्यों ने दो स्कूलों में किया130 पौधों का रोपण

### *पौधरोपण के बाद देखभाल जरूरी: डा.पुष्पेंद्र




जसवंतनगर (इटावा)।भारत विकास परिषद जसवंत नगर की मुख्य शाखा द्वारा क्षेत्र में दो चरणों में वृहद पौधरोपण अभियान चलाकर पर्यावरण के प्रति अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन किया गया। पहले चरण में ब्रायटेंड एजुकेशन एकेडमी परिसर में भाविप सदस्यों ने वहां के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों के साथ वएल पौधरोपण का कार्यक्रम चलाया। इसमें विभिन्न प्रकार के पौधों जैसे जामुन, आम, शीशम, नींबू, अशोक, पीपल आदि पौधों का रोपण किया गया। परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ पुष्पेंद्र पुरवार ने बच्चों को वर्तमान में पौधरोपण की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्र छात्राओं से कहा कि उनके द्वारा जो भी पौधा रोपित किया गया है, उस पौधे की हर दिन देखभाल उन्हे करना है, जब तक वह इस विद्यालय में हैं। उसके बाद विद्यालय के प्रबंधन द्वारा इसकी देखभाल की जाएगी। परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धनगर ने बताया के पौधों का रोपण करन जीवन के लिए आवश्यक है, इससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है और ग्लोबल वार्मिंग को ठीक रखने के लिए पौधों रोपण जरूरी है।कार्यक्रम में कुल 84 पौधों को रोपित किया गया। दूसरे चरण में धरबार गांव की देवी शारदा पब्लिक स्कूल परिसर में 45 पौधों को रोपित किया गया। परिषद के वरिष्ठ सदस्य व वहां के प्रधानाचार्य व प्रबंधक प्रमोद कुमार यादव द्वारा छात्र छात्राओं के साथ पौधरोपण कराया गया। परिषद की उत्साही सदस्य अभिषेक यादव द्वारा सभी पौधों को भारत विकास परिषद मुख्य शाखा को निःशुल्क प्रदान किए गए थे। परिषद के सचिव अनुभव यादव ने विद्यालय के शिक्षकों ,प्रबंधक व प्रधानाचार्य का आभार व्यक्त किया गया। पौधों रोपण के इन मौकों पर परिषद के संरक्षक विनोद प्रकाश श्रीवास्तव ,राजीव गुप्ता बटेश्वरीदयाल प्रजापति, शिवकांत जैन, डॉक्टर स्वराज्य श्रीवास्तव, अमित तिवारी ,शैलेंद्र दुबे, जितेंद्र कुमार, रिंकू यादव मनोज कुमार उपेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

## केलादेवी पर स्व पुजारी की याद में रक्तदान शिविर ,22 यूनिट रक्त एकत्रित




जसवंतनगर(इटावा) नगर के लोगों के आराध्य देवी स्थल 卐केला गमा देवी मंदिर卐 पर रविवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ,जिसमें नगर के 22 युवकों ने अपना रक्त दान करके सैफई पीजीआई के ब्लड बैंक को रक्त उपलब्ध कराया। रक्तदान कराने के लिए ब्लड बैंक, सैफई के डॉक्टर्स की टीम विशेष रुप से पधारी थी।

यह रक्तदान शिविर केला देवी मंदिर के लंबे समय तक पुजारी रहे स्वर्गीय विषेक गुप्ता उर्फ लाला भैया की स्मृति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पधारे रक्तदान शिविर के प्रभारी डॉ राकेश कुमार मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान से बढ़कर दुनिया में कोई दान नहीं है, क्योंकि रक्त का निर्माण केवल भगवान प्राकृतिक रूप से करता है। कोई मरीज जब अस्पताल में आता है, तब उसे यदि खून की जरूरत पड़ती है, तो किसी व्यक्ति के खून से ही उसके शरीर के खून की कमी को दूर किया जा सकता है। अत: हम सब स्वस्थ लोगों को अवश्य ही रक्तदान करके मरीजों के लिए रक्त मुहैया कराना चाहिए।

उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता और जितना रक्तदान किया जाता है, वह कुछ ही घंटों में शरीर में अपने आप निर्माण हो जाता है। सैफई मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक के डॉ राकेश कुमार मीणा के अलावा डॉ राजन मिश्रा, डॉ प्रिया सिंह, डॉ राजेश कुमार, डॉ कपिल दुबे और डॉ संध्या शर्मा ने मौजूद रहकर रक्तदान की यह प्रक्रिया संपन्न कराई। सभी रक्त दाताओं को ब्लड बैंक की तरफ से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ताकि भविष्य में वह किसी को भी बैंक से जरूरत पर रक्त उपलब्ध करा सकें। इस शिविर में रक्तदान करने वालों में ज्यादातर युवक 20 वर्ष से लेकर 40 वर्ष उम्र तक के थे । उन्होंने 22 यूनिट रक्त प्रदान किया।

राधेश्याम गुप्ता ,सुमित शुक्ला पूर्व सभासद, अजीत बाबा ऋषि गुप्ता, वैभव यादव, अजय गुप्ता, विनय गोलू ,पप्पू यादव, विवेक गुप्ता, जितेंद्र राजन, प्रशांत, आकाश, शान्तनु, अनुज, शिवम गुप्ता आदि ने इस रक्तदान शिविर की व्यवस्था में सहयोग तथा कईयों ने स्वयं भी अपना रक्तदान किया।

## प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट की



**इटावा/भरथना**। नगर के मोहल्ला पुराना भरथना निवासी डिप्टी एसपी महावीर सिंह चौधरी की पत्नी शशि चौधरी का बीती 10 जुलाई को निधन होने के उपरांत शनिवार को प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने उनके निज निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शनिवार की शाम करीब 5:30 बजे प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने शोकाकुल परिवार के बीच पहुँचकर सबसे पहले दिवंगत स्वर्गीय शशि चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त की और शोकाकल परिवार ढांढस बंधाया। परिवहन मंत्री ने मीडिया से मुखातिब होकर कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की सुनामी आएगी।नरेंद्र मोदी को पीएम पद हटाने के लिए विपक्ष पहले भी एक जुट हो चुका है। उनकी फिर वही कवायद काम नही आएगी।पीएम मोदी ने देश,संविधान का मान बढ़ाया है।देश की जनता उन्हें प्यार करती है इस बार प्रदेश की 80 सीटों पर भाजपा विजय हासिल करेगी।मणिपुर राज्य की घटना के आरोपियों को बक्सा नही जाएगा,पीएम नरेंद्र मोदी खुद चिंतित है। मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान कैलाश चौधरी,सुशील चौधरी,मृत्यंजय चौधरी,पिंकी चौधरी,रंजन चौधरी,तन्मय चौधरी,आशीष चौधरी,अवधेश चौधरी आदि परिवारीजन मौजूद रहे।

## कृष्ण कुमार यादव को श्रीरामलीला कमेटी (रजि0) भरथना का सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया



**इटावा/भरथना।** कृष्ण कुमार यादव को श्रीरामलीला कमेटी (रजि0) भरथना का सर्व सम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया,आम सहमति से डॉ सुनील बाजपेई को महामंत्री व गणेश कौशल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नगर के स्टेशन रोड़ स्थित नरसिंह मंदिर परिसर में रविवार की शाम करीब 5 बजे श्रीरामलीला कमेटी की बैठक में संरक्षक व पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव बंटी, सत्य प्रकाश यादव राजा आदि पदाधिकारियो की मौजूदगी में सर्वसम्मति से कृष्ण कुमार यादव को अध्यक्ष, डॉ सुनील बाजपेई को महामंत्री व गणेश कौशल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इससे पहले संरक्षक अनिल त्रिपाठी ने वर्ष 2021-22 का आय-व्यय का लेखाजोखा पढ़कर सुनाया गया जिसे मौजूद पदाधिकारियो के बीच ध्वनिमत से पारित किया गया।नवमनोनीत पदाधिकारियो का मौजूद वरिष्ठ पदाधिकारियो ने माल्यार्पण कर पद भार की शुभकामनाएं दी। नवमनोनीत अध्यक्ष ने कहा कि श्रीरामलीला महोत्सव को और भव्य बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष बड़े भदौरिया,संरक्षक विपिन यादव,करुणा शंकर दुबे,विनोद वर्मा,श्री विजय सविता,प्रवीण दुबे,भगवान दास शर्मा,रोहित यादव, संजीव छोटे,अरविंद दुबे,छुन्नी पोरवाल,रामअवतार गुप्ता,अवदेश सविता,श्रीनवेश यादव,राजेश सविता,राधेश्याम उत्तमानी,महेंद्र पाल, रानू यादव, संजीव यादव आदि मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष बने अखिलेश, मुख्तार जिलाउपाध्यक्ष



**इटावा। उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अहेरी पुर प्रधान एंव सराफा व्यवसायी अखिलेश कुमार वर्मा का जिला व शहर कमेटी के पदाधिकारियों नें भव्य स्वागत किया, इस अवसर पर मुख्तार अहमद उर्फ बन्टी को जिला उपाध्यक्ष भी मनोनीत किया। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष श्री वर्मा नें कहा कि वह जल्द ही इटावा के आसपास के जिलों के सगंठनों को मजबूती प्रदान करनें के लिए जुटगें,जैसा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल द्वारा उन्हें निर्देशित किया गया है। आज व्यापारी अपराधियों से लेकर पुलिस प्रशासन तक के लिए एक साफ्ट टारगेट है, ऐसा व्यापारियों के संगठित न होने की वजह से है, आज बहुत से व्यापारी संगठन बन रहे हैं, परन्तु ऐसे लोग जिनका व्यापार एंव व्यापारियों से दूर दूर तक कोई नाता तक नहीं है, केवल चंदा वसूलना और मात्र दलाली इनका उद्देश्य रह गया है, व्यापारियों को ऐसे लोगों से भी सावधान रहनें की जरूरत है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, जिला मंहामंत्री रिषी पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी,शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, भारतेन्द्र भारद्वाज,हाजी शेख आफताब, हाजी गुड्डू मंसूरी, बीके यादव, सै लकी,जैनुल आबदीन, राजीव चन्देल,महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, महिला शहर अध्यक्ष किरन सोनी,युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, डीपी सिंह तौमर, सीमा श्रीवास्तव,योगेश पांडे, अमित वर्मा, अंकित यादव, मुस्तकीम राइन,लखन सोनी,अवनीश वर्मा, ,गौस मुहम्मद, आदि उपस्थित रहे।**

## अज्ञात युवती का शव मिला



बकेवर, इटावा। बकेवर में हाईवे के किनारे इटावा से औरैया जाने वाली रोडपर पर सर्विसरोड किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात युवती का शव पड़ा मिला। शव कई दिन पुराना बताया जाता है सड़ा गला हुआ है बदबू आने से आसपास के जाने वाले लोगों को शक होने पर देखा तो सर्विस रोड के किनारे झाड़ियों में शव पड़ा दिखा। शव कहीं अन्यत्र हत्या करके कहीं से लाकर फेंका गया लगता है। लोगों ने शव पड़े होने की पुलिस को सूचना दी।सूचना पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रणबहादुर सिंह एसएसआई विश्वनाथ मिश्रा कस्बा इंचार्ज बृजेश कुमार सिंह मय फोर्स घटना स्थल पर पहुँचे। शव को झाड़ियों से निकलवाया। पुलिस आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।शव किसी लगभग 25 वर्षीय युवती का है। युवती शादी शुदा है। पैरों में पायलें व पैरों की उँगलियों में बिछिया भी पहने थे।इससे उस युवती के शादीशुदा होने का पता चलता है। युवती के शव पर बसंती कलर का कुर्ता व काली पजामी थी।

जिस स्थान पर शव पड़ा था वह बकेवर बाईपास है सर्विसरोड के किनारे पड़ा था।कहीं से हत्या करके किसी वाहन से लाकर उक्त स्थान पर फेंका गया लगता है। शव के चेहरे पर ऊपरी होंठ के पास चोट के निशान था। गर्दन के नीचे दायें कंधे के पास भी चोट का निशान था। काफी खून सना हुआ था। सूचना मिलने पर सीओ भरथना विवेक जावला मौके पर पहुंचे। सुबह करीब पाँच बजे भर्ती की तैयारी कर रहे कुछ युवक रविवार सुबह दौड़ लगाने आये थे। तो बगल से गुजरने पर उन्होंने बदबू से शक हुआ तो थोड़ा सा ही झाडियों में झांकते ही उसमें शव पड़ा दिखा। तो युवको ने पुलिस को सूचना दी। इस सम्बंध में बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रणबहादुर सिंह ने कहा कि शव को कहीं से किसी वाहन से लाकर फेंका गया है। शव कुछदिन पुराना है। शव से काफी बदबू आ रही थी। शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नही हो सकी।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाई की जाएगी।

## चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई

भरथना, इटावा। राष्ट्र के क्रान्तिकारी योद्धा अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा भरथना द्वारा बालूगंज स्थित शहीद पार्क पर मनायी गई। रविवार को आयोजित जयन्ती कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि चेयरमैन अजय यादव गुल्लू ने परिषद के पदाधिकारियों के साथ शहीद चन्द्रशेखर आजाद सहित भारत माता व स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर तिलक वन्दन व माल्यार्पण किया। साथ ही वन्देमातरम् व राष्ट्रगान का गायन किया गया। तदुपरान्त शहीद चन्द्रशेखर आजाद द्वारा राष्ट्रहित में किये गये बलिदान का स्मरण किया गया। इस मौके पर परिषद अध्यक्ष डा0 आर0एन0 दुबे, राजेन्द्र चौधरी, रामप्रकाश पाल, चन्द्रोदय, आनन्द प्रकाश कौशल, सुनील कश्यप, जमुना दास लखवानी, सुभाष चन्द्र दुबे, ओमप्रकाश प्रजापति, श्याम सिंह पाल, सुशान्त उपाध्याय आदि परिषद सदस्यों व अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## रामलीला कमेटी के चुनाव में केके अध्यक्ष, सुनील महामंत्री

भरथना, इटावा। रामलीला कमेटी (रजि0) भरथना के सम्पन्न हुए द्विवार्षिक चुनाव में के0के0 यादव को अध्यक्ष, सुनील बाजपेई को महामंत्री व गणेश कौशल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कमेटी के अन्य पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित तीनों पदाधिकारियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत सम्मान किया। रविवार को कस्बा के स्टेशन रोड स्थित नरसिंह मन्दिर प्रांगण में श्री रामलीला कमेटी (रजि0) भरथना की सम्पन्न हुई आवश्यक बैठक के दौरान हुए द्विवार्षिक चुनाव में के0के0 यादव को अध्यक्ष, सुनील बाजपेई को महामंत्री व गणेश कौशल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही विगत वर्ष का आय-व्यय चिट्ठा सार्वजनिक करने के साथ-साथ आगामी माह में सम्पन्न होने वाले श्री रामलीला महोत्सव को और अधिक भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया तथा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान कमेटी संरक्षक/पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व जि0पं0स0 मनोज यादव बण्टी, सत्यप्रकाश यादव राजा, अनिल त्रिपाठी, करूणाशंकर दुबे, अरविन्द दुबे पप्पू, रानू यादव, बडे भदौरिया, उमेश चन्द्र तिवारी, अजय तिवारी, अवधेश सविता, भूरे पाल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## एसएसपी ने किया सैफई थाने का निरीक्षण

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा थाना सैफई व थाना वैदपुरा का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित थानाध्यक्ष से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव व थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया।

## आत्महत्या करने जा रहे किसान को पुलिस ने बचाया

इटावा। रेलगाड़ी के कटकर जान देने जा रहे किसान को पुलिस ने सही वक्त पर जाकर बचा लिया। किसान नगला विशुनगांव के पास रेलगाड़ी को कटकर जान देने जा रहा था। दरोगा व सिपाही को सूचना मिलते ही रेलवे ट्रैक पर पहुंचकर आत्महत्या करने जा रहे किसान को रेलवे लाइन से हटाकर उसकी जान बचा ली। बताया जा रहा है कि किसान परिजनों से नाराज होकर रेलगाड़ी से कट करके जान देने जा रहा था। बलरई थाना दरोगा व सिपाही की लोग प्रशंसा कर रहे है। बलरई क्षेत्र में डीएफसी रेलवे ट्रैक का मामला। उपनिरीक्षक जसवंत सिंह, कांस्टेबिल अरविंद कुमार चौधरी ने तत्काल उसको रेलवे ट्रैक से हटाया। इस मामले की सूचना दी। जिसके बाद थाने से छोटेलाल को समझा बुझाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## मंगल मिलन आज

इटावा। प्रत्येक मंगलवार को होने वाला साप्ताहिक मंगल मिलन सत्संग 18 जुलाई को शाम 5 बजे से लालपुरा चौक स्थित संयोजक देवेश शास्त्री के आवास पर आयोजित किया जा रहा है। श्री शास्त्री द्वारा सोमवार को सोमवती हरियाली अमावस्या को पुरुषोत्तम मास के शुभागमन पर श्री रामचरित मानस के अखण्ड पाठ का श्रीगणेश हुआ मानस पाठ के समापन के साथ ही मंगल मिलन सत्संग होगा उन्होंने सभी धर्मप्रेमियों से अनुरोध किया कि वे समय से पहुंचकर सत्संग का लाभ प्राप्त कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

## मकसदे हुसैन क्या है, इसे समझना जरूरी- मौलाना मिर्जा

**-शहर में विभिन्न स्थानों पर हुआ मजलिसों का आयोजन**

इटावा। रसूल अल्लाह का दीन बचाने के किये कर्बला में अपना पूरा घराना अल्लाह की राह में कुर्बान करने वाले शहीदे आजम इमाम हुसैन की याद में शिया समुदाय ने मजलिसों का आयोजन किया। इमामबाड़ा आलमपुरा में आयोजित मजलिस में तकरीर करते हुए दिल्ली से आये मौलाना मिर्जा अज़हर अब्बास ने कहा कि इमाम हुसैन को मदीने में दरबार मे बुलाकर समझौते करने को जब कहा तो हुसैन ने साफ इंकार करके यह बता दिया कि हक बातिल से कभी बैयत नहीं कर सकता। जिस हुसैन ने रसूल की गोद मे परवरिश पाई हो वह कभी दुश्मने इस्लाम के आगे नही झुक सकता। अगर हम मकसदे हुसैन समझ लें तो कर्बला समझ मे आ जायेगी। कुरान एहलेबैत एक दूसरे से कभी जुदा नहीं हो सकते। मकसदे हुसैन को समझना बहुत जरूरी है। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया मिश्री टोला और दरगाह मौला अब्बास महेरे पर रज़ी हैदर की ओर से, सिटी पोस्ट ऑफिस के पास सराये शेख स्थित जहूर नक़वी के आवास, पक्की सराये स्थित बड़े इमाम बाड़े में गुलामुस सैयदेन, फ़ातिमा स्कूल सैदबाड़ा स्थित इमामबाड़े में राहत अक़ील की ओर से आयोजित मजलिसों में मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने तकरीर की और इमाम बाड़ा अज़्मत अली पर आयोजित मजलिस में मौलाना शमशुल हसन खान जौनपुरी इमामे जुमा बरेली शरीफ ने तकरीर की। मजलिसों में तसलीम रज़ा, जहूर नक़वी ने सोजख्वानी की, सलमान रिज़वी, आबिद रज़ा, कैफ वारसी ने कलाम पेश किए और तनवीर हसन, राहिल सगीर ने नोहा ख्वानी की।

## अवैध शस्त्र कारतूस के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार




**माधव संदेश/ ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव रायबरेली अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत दिनांक 23 जुलाई 2023 को थाना भदोखर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त सूर्यसेन पुत्र महारथी निवासी गुंदापुर चौकी नरपतगंज थाना लालगंज को 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिसके विरूद्ध थाना भदोखर पर मुकदमा अपराध संख्या-341/2023 धारा-3/25 शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।**

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

सूर्यसेन पुत्र महारथी निवासी गुंदापुर चौकी नरपतगंज थाना लालगंज । बरामदगी- 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.-उप-निरीक्षक प्रकाश पाण्डे थाना भदोखर रायबरेली।
2.-मु0आरक्षी विजय विश्वकर्मा थाना भदोखर रायबरेली।
3.- आरक्षी अवधेश कुमार थाना भदोखर रायबरेली ।

# खाटू श्याम जाते पलटी कार मां-बेटी की मौत, आठ घायल



इटावा। राजस्थान के सीकर में खाटू श्याम दर्शन के लिए नगर से गए श्रद्धालुओं की कार पलटने से मां-बेटी की मृत्यु हो गई तथा आठ लोग घायल हो गए। हादसा राजस्थान के दौसा जिले में जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे 21 पर शनिवार की रात करीब दो बजे हुआ। हादसे की वजह चालक को झपकी आना माना जा रहा है।

मोहल्ला लालपुरा अस्तल की मड़ैया निवासी 50 वर्षीय भगवती देवी पत्नी ओम प्रकाश शंखवार अपनी तीन पुत्रियों वैष्णवी, रश्मि, मंतशा के साथ खाटू श्याम दर्शन के लिए शनिवार को कार से निकली थीं। साथ में उनके दो दामाद बड़ी बेटी वैष्णवी के पति विजय निवासी भिंड मप्र, मझली बेटी रश्मि के पति वैभव अग्रवाल उर्फ बऊआ पुत्र गुड्डू अग्रवाल निवासी छैराहा के अलावा रश्मि की मासूम पुत्री तान्या, वैष्णवी के तीन बच्चे यश, युग और काव्या थी। हादसा दौसा जिले के सदर थाना क्षेत्र में कालाखोह गांव के पास हुआ। सभी घायलों को पुलिस ने दौसा जिला अस्पताल में पहुंचाया। वहां डाक्टर ने भगवती देवी और उनकी 18 वर्षीय पुत्री मंतशा को मृत घोषित कर दिया। यश और काव्या को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया। शेष का उपचार दौसा जिला अस्पताल में चलता रहा। कार को ड्राइव करने वाले वैभव अग्रवाल के सिर में चोट आई थी। वह घड़ी व्यवसायी हैं। जबकि हादसे में जान गंवाने वाली मां-बेटी घरों में झाड़ू-पोछा कर घर-गृहस्थी चलाती रही हैं। दोनों के शव पोस्टमार्टम के बाद रविवार की देर रात लालपुरा अस्तल की मड़ैया पहुंचे। जबकि सभी घायलों को भी अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। सदर थाने के एएसआई जगदीश प्रसाद के मुताबिक कार सवार सभी लोग खाटू श्याम के दर्शन करने जा रहे थे। चालक को झपकी आने के कारण कार कालाखोह गांव के पास बेकाबू होकर पलट गई।

# परशुराम समिति ने 50 मेधावियों को सम्मानित किया



इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति उ. प्र. का मेधावी सम्मान समारोह रविवार को नगर पंचायत इकदिल के बैंकट हाल में सम्पन्न हुआ स कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की प्रतिमा व माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना के साथ किया गया स शिक्षक भगवान दास ने काव्य पाठ किया स सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटर मीडियेट के 50 मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह व परशुराम जी की पट्टिका से सम्मानित किया गया स कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री ने की तथा संचालन प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने किया स मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश कुमार मिश्रा (प्रधानाचार्य श्री जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज बुआपुर) उपस्थित रहे स कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने समिति के बारे में जानकारी देते बताया कि समिति लगातार सामाजिकता कार्यों में आगें रहती है स उन्होंने कहा कि मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करना ही समिति का मुख्य उद्देश्य है स मुख्य अतिथि अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि छात्र, छात्राएं नियमित पढाई करें और पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहें स अध्यक्षता कर रहे संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि छात्र, छात्राएं मेहनत और लगन के साथ पढाई करें और अपने माता, पिता व गुरु का नाम रोशन करें स कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, राजकुमार दीक्षित, प्रदेश मीडिया प्रभारी धीरज अग्निहोत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्रदेव दुबे, सदस्य शरद शुक्ला,जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी, महामन्त्री राज तिवारी, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गीतिका तिवारी, महामंत्री खुशी उपाध्याय, मुस्कान उपाध्याय, नगर अध्यक्ष इटावा अमन चतुर्वेदी, नितिश पुरवार जिला उपाध्यक्ष नगर उद्योग व्यापार मंडल, रमेश चंद्र राजपूत, विपिन चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे स अन्त में प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने उपस्थित छात्र, छात्राओं, अभिभावकों व समिति के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## मोहर्रम पर जि -ए-शहीदे आज़म का आयोजन



इटावा। आल इंडिया ओलमा व मशाईख वोर्ड यूनिट की ओर से जिक्र-ए-शहीदे आज़म बीती रात इमाम बारगाह कस्साब खाना पचराहे पर खानकाये रशीदिया मैनपुरी के गद्दीनशीन अब्दुल रहमान उर्फ बबलू मियां की सरपरसती में तीन मोहर्रम को आयोजन हुआ। बोर्ड के सरपरस्त हज़रत मौलाना अब्दुल वाज़िद अशरफी व हज़रत मौलाना हाफिज व क़ारी फुरक़ान रज़ा ने कहा इस्लाम जिंदा हो चुका करबला के बाद। मुहर्रम माह के मौके पर उलमाओं ने करबला का बयान कर मोहर्रम का महत्व बताया। मशहूर शायर रौनक इटावी ने संचालन करते हुए कुछ इस तरह कहा ज़ुल्मों सितम के साये में जीना सिखा दिया,इब्ने अली ने सब्र करना सिखा दिया।रौनक शहीद हो गये सजदे में शहे दीन,हर हाल में नमाज़ का पढ़ना सिखा दिया।हाफिज क़ैफ़ रज़ा ने अपनी खूबसूरत आवाज़ में पंजतन हमारे है कलाम पड़ कर मेहफिल को खुशनुमा कर दिया।हाफिज मुहम्मद अहमद अकबरी,हाफिज आरिफ रज़ा आदि लोगों की मौजूदगी में ज़िक्रे शहीदे आज़म संपन्न हुआ।जिलाध्यक्ष हाजी शेख़ शकील अहमद,सचिव शेख़ आफ़ताब,मीडिया प्रभारी मो.अज़ीम,मुराद अली आदि यूनिट के लोगों ने उलमाओं आदि का गुलपोशी कर स्वागत किया।अंत में कार्यक्रम में मौजूद उलमाओं ने सभी के लिए दुआयें की।सभी ने लंगर चखा व बांटा गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हाजी शकील, सचिव हाजी शेख आफताब, वेस्टर्न यू पी के सचिव कामिल कुरैशी, खजांची मुमताज भाई मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम कानपुर मंडल के मीडिया प्रभारी वहाज अली निहाल,हाजी रहीस अहमद,हाजी अज़ीम वारसी,अनस अहमद,जैनुलाब्दीन,रियाज अब्बासी,समीर,तहसीन,मो.औसाफ़,कासिम फारूकी,महफूज,मुराद अली,जुबेर चीनी आदि लोग मौजूद रहे।

# दारोगा से मोबाइल छीन कर अभद्रता में मुकदमा दर्ज, बोलोरो सीज

**-एक ज्ञात व दो अज्ञात के खिलाफ लिखा गया मुकदमा**




**चकरनगर, इटावा।** कस्बा चकरनगर में कार हटाने को लेकर हुए विवाद में दारोगा से मोबाइल फोन छींनकर अभद्रता करने वाले एक ज्ञात व दो अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मुख्य आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुख्य आरोपित की बोलोरो कार भी सीज की गई। लेकिन पुलिस को धमकाने वाले सपा नेता के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा सकी। अज्ञात दोनों आरोपितों को ज्ञात करने की जांच में पुलिस जुटी है। बढ़पुरा थाने में तैनात दारोगा विपिन पाल से शुक्रवार रात्रि समय कस्बा में एक परचून की दुकान पर कार हटाने को लेकर कुछ स्थानीय अराजक तत्वों ने अभद्रता करते हुए मोबाइल फोन छीन लिया था। इस मामले में पीड़ित दारोगा की तहरीर पर पुलिस ने अमोल यादव पुत्र रामतेज निवासी उदी रोड़ चकरनगर व अन्य दो के खिलाफ कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवाद की जड़ बनी बोलोरो कार को भी पुलिस ने बरामद करते हुए सीज कर दिया। पुलिस अज्ञात अन्य दो आरोपितों को ज्ञात करने की कवायद में जुटी है। उक्त मामले में दिलचस्प पहलू तो यह है कि पुलिस ने दारोगा की तहरीर पर मोबाईल फोन छींनने वालों के खिलाफ तो कार्रवाई की, किन्तु पुलिस को हड़काने वाले एवं 2015 के पंचायत चुनाव में मारपीट करने वाले मुख्य आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। क्षेत्रीय कुछ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने 2024 के चुनाव में अशांति की आशंका जताते हुए पुलिस के साथ मारपीट करने वाले कस्बा के दबंग सपा नेता के खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। दीपक कुमार, प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दारोगा से मोबाइल फोन छींनकर अभद्रता करने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित को जेल भेजा गया है, कार को भी सीज किया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जिले की कानून व्यवस्था हुई ध्वस्त दबंगों में नहीं रहा कानून का कोई खौफ




**माधव संदेश/ संवाददाता रायबरेली जिले की कानून व्यवस्था हुई ध्वस्त दबंगों में नहीं रहा कानून का कोई खौफ रास्ते के विवाद में बेखौफ दबंगों ने लाठी-डंडों से बुजुर्ग पर किया जानलेवा हमला उनको बचाने दौड़ी महिलाओं को भी सड़क पर घसीट घसीट कर मारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल घटना को अंजाम देकर सभी आरोपी मौके से हुए फरार मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खड़गपुर सौताना गांव का है जहां रास्ते के विवाद में बेखौफ दबंगों रामसागर, सुमित कुमार, विमलेश कुमार ने लाठी-डंडों से लैस होकर बुजुर्ग गंगासागर उम्र 60 वर्ष पर जानलेवा हमला बोल दिया बुजुर्गों को बचाने दौड़े महिलाओं को भी बेवकूफ दबंगों ने सड़क पर घसीट घसीट कर लाठी-डंडों से पीटा दबंगों के हमले में बुजुर्ग के सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं वहीं घटना को अंजाम देकर बेखौफ दबंग आराम से मौके से फरार हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायल बुजुर्गों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां बुजुर्ग की हालत गंभीर बनी हुई है मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल**

# पशुधन मंत्री ने किया गौशाला का निरीक्षण



**माधव संदेश /ब्यूरो चीफ जय सिंह यादव** रायबरेली, 23 जुलाई। रविवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय निराश्रित गो आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास खण्ड बछरावाँ के सभागार में आयोजित की गयी । मा0 मंत्री ने समस्त अधिकारियों को गो आश्रय स्थलों में निराश्रित गोवंशों को हरा चारा खिलाये जाने हेतु चारागाह / गोचर भूमि को अतिक्रमण / कब्जा मुक्त कराने का दिनांक 15 जुलाई से 25 अगस्त 2023 तक की अवधि में अभियान चलाकर हरे चारे की बोवाई कराये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया । जनपद में 46 गो आश्रय स्थलों में चारागाह / गोचर की भूमि को कब्जा मुक्त कराये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की, साथ ही यह भी निर्देशित किया कि कब्जा मुक्त कराये गये चारागाहों / गोचर की भूमि पर वृक्षारोपण महा अभियान - 2023 के अन्तर्गत 05 प्रकार के पौधे पीपल, पाकड़, वरगद, जामुन व गूलर रोपित कराये जाने के लिये समस्त अधिकारियों को ट्री गार्ड卐 के साथ संरक्षित व सुरक्षा प्रदान करने के प्रयास सुनिश्चित किये जाये। इस कार्य हेतु जन प्रतिनिधियों, व्यापारियों, समाज सेवी संस्थाओं, सी0एस0आर0 फण्ड, आदि का सहयोग लेने हेतु भी निर्देशित किया गया। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कम्पोस्ट खाद, गोबर पेन्ट, गोबर मूर्ति व दीपक, गो कास्ठ, आदि बनाये जाने हेतु स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से क्रियान्वयन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक समाप्ति के उपरान्त मा0 मंत्री द्वारा कान्हा उपवन-बछरावाँ गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया तथा गोवंशों को हरा चारा दिये जाने हेतु अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया गया। मा0 मंत्री एवं मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा कान्हा उपवन परिसर में वरगद व आम के पौधे को रोपित किया गया तथा निर्देशित किया कि समस्त अधिकारी प्रत्येक गौशाला में अपने नाम से वृक्षारोपण करे। निरीक्षण के समय नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार, उपजिलाधिकारी महराजगंज रजित राम गुप्ता एवं खण्ड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह के साथ-साथ जनपद के समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता,पांच चोरों को किया गिरफ्तार

माधव संदेश/आकाश औरैया (ब्यूरो)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस को मिली बड़ी सफलता औरैया में हुई दो बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच लोगों को किया गिरफ्तार, आरोपियों के पास से एक लाख सत्तावन हजार रुपए नगद बड़ी संख्या में चोरी किए गए जेवरात किए बरामद औरैया सदर के सभी आरोपी रहने वाले हैं।पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान घेराबंदी करके चौबे पेट्रोल पंप के पास से किया गिरफ्तार आरोपी माल को ठिकाने लगाने का कर रहे थे। वाहन का इंतजार कर रहे थे।सभी आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देने वाले औरैया जिले के सैनिक कालौनी के रहने वाले है। औरैया पुलिस को मिली बड़ी सफलता चोरी की घटनाओं को अंजाम देने बाले पांच चोरों को किया गिरफ्तार इन लोगों के द्वारा पहले दिन में रेकी करके पता लगाया जाता है।कौन सूने मकान पड़े हैं।उसके बाद रात को देते थे घटना को अंजाम । औरैया सदर कोतवाली में 1/7/2023 को कीर्ति राठौर के मकान को इन चोरों ने निशाना बनाया उसके बाद 14/7/2023 को सगीर अहमद की मकान को जिसकी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करके सर्विलास एवं एसओजी पुलिस की मदद ली जा रही थी। उसके बाद 23/7/2023 को पुलिस को सूचना मिली कुछ लोग चौबे पेट्रोल पंप के पास खड़े है।पुलिस द्वारा तत्काल एसओजी टीम के साथ इन लोगों की घेरा बंदी की गई वही पुलिस को देख कर यह लोग भागने का प्रयास किया एसओजी टीम द्वारा घेरा बंदी करके इन लोगों को पकड़ा गया इन लोगों से पूंछताछ की गई तो इन लोगों ने चोरी की घटना करना बताया।वही एसओजी टीम के द्वारा जब और जानकारी की गई तो इन लोगों के पास से 1लाख 57 हजार रुपए चोरी की एक जंजीर, अगूंठियां,झुमकी, पायल, एवं अन्य सामान बरामद हुआ ।इन लोगों के द्वारा बताया गया यह लोग पहले दिन मे रेकी किया करते थे।इसके बाद सूना मकान देख कर जिंगले एवं ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया करते थे।पूंछताछ में सभी ने अपना नाम साहिल,,, हनीफ,,तैयब ,,फिरोज ,,शाहरुख निवासी सैनिक कालौनी औरैया सदर एवं गुड्डू कठेरिया यह भी औरैया का ही रहने बाला हैं।

## अजीतमल क्षेत्र में चोरों का आतंक, नहीं थम रहा चोरी का सिलसिला



**अजीतमल( औरैया )** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में चोरी की घटनाओ का ग्राफ घटने का नाम नहीं ले रहा है , चोर एक चौकी क्षेत्र में घटना को अंजाम देने के बाद दूसरे चौकी क्षेत्र में चोरी की घटना कर पुलिस को चुनौती दे रहे हैंबीते सप्ताह भदसान चौकी क्षेत्र में तीन घरों से 80 लाख की चोरी के बाद चोरों ने शुक्रवार की रातअटसू चौकी क्षेत्र में एक स्कूल सहित 2 स्थानों से लाखों रुपए का माल पार कर दिया, तो शनिवार की रात भी चोरों ने अनंतराम चौकी क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र सहित दो स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी के संबंध में ग्रामीण ने लिखित रूप से पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अनंतराम चौकी अंतर्गत जगनपुर निवासी पुष्पेंद्र पुत्र रामगोपाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया कि रविवार की रात चोरों द्वारा उसके ट्यूबवेल के कमरे का ताला तोड़कर चोर समर का स्टार्टर चोरी कर ले गए वही चोरों ने जगनपुर गांव के ही पंचायत भवन और सरकारी अस्पताल का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया ।स्वास्थ्य केंद्र पर चोरी के मामले में अजीतमल स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अवनीश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र जगनपुर में शनिवार को रेफ्रिजरेटर, टेबल आदि नया सामान भेजा गया था। रविवार को सी एच ओ शिवानी द्वारा जानकारी दी गई अज्ञात चोरों ने कमरे में घुस कर दो अलमारियो को तोड़कर उसमें रखे रिकॉर्ड फाड़ दिए तथा दवाइयां व पंखा चोरी कर ले गए । स्वास्थ्य केंद्र पर चोरी के बाद चोरों ने पंचायत भवन को निशाना बनाया जहां चोर पंचायत भवन के कमरे मेंलगे लोहे के दरवाजे का ताला तोड़ दिया ,लेकिन सेंट्रल लॉक नहीं तोड़ सके जिससे कमरे में रखा सामान चोरी होने से बच गया। गांव के पंचायत मित्र विनय कुमार ने बताया कि चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे कमरे में रखा सरकारी सामान तथा शनिवार कोस्वास्थ्य केंद्र का नया सामान आया था रेफ्रिजरेटर टेबल आदि सामान था जिसे सुरक्षा की दृष्टि से पंचायत भवन में रखवा दिया गया था ।चोरों द्वारा दरवाजे का सेंटर लॉक ना तोड़ पाने से समानचोरी होने से बच गया। चोरी की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल कर लोगों से पूछताछ की वही कुछ लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली लाया गया।

# अन्न (मोटे अनाजों) की खेती करें किसान भाई, प्राकृतिक खेती से अधिक लाभ लें- सांसद आर के सिंह पटेल



**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट - कृषि विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय किसान गोष्ठी एवं कृषि निवेश मेला का आयोजन विकासखंड परिसर रामनगर और मऊ में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आर के सिंह पटेल ने किसानों का आह्वान किया कि अपने जनपद में परंपरागत फसलों जैसे ज्वार बाजरा श्री अन्न, उर्दू मूंग अरहर, तिल आदि की बुवाई करके अधिक लाभ प्राप्त करें । श्री अन्न या मोटे अनाज जिनमें ज्यादा कृषि निवेश और अधिक देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती, प्रति इकाई क्षेत्रफल में अधिक लाभ देते हैं। उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती करके अपनी मिट्टी और पर्यावरण की सुरक्षा करते हुए गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न, सब्जी, फलोत्पादन करके कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त करें। गोष्ठी के दौरान सांसद ने आए हुए किसानों को पावर स्प्रेयर और रागी के मिनीकिट बीज वितरित किए। विधायक मऊ मानिकपुर अविनाश चंद्र द्विवेदी ने किसानों से कहा सभी किसान भाई कृषि, उद्यान, पशुपालन आदि विभागों से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। विधायक ने सभी किसानों से अपील की कि अपने-अपने गोवंश को छुट्टा ना छोड़ें। सरकार द्वारा ग्राम सभाओं में गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है जिनमें छुट्टा पशुओं को संरक्षित किया जाता है। सभी किसान भाई एवं जनसमूह जनसहभागिता के द्वारा छुट्टा पशुओं को गौशालाओं में संरक्षित कराएं एवं अपने अपने पशुओं को अपने घर पर रखें ताकि इस खरीफ सीजन में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बुवाई करके खेती का लाभ प्राप्त किया जा सके। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने किसानों से कहा कि प्राकृतिक खेती के साथ-साथ मोटे अनाज जिन्हें हम लोग श्रीअन्न कहते हैं की खेती करें जिससे कि हमारा पर्यावरण संरक्षित रहे और मानव व पशु स्वास्थ्य भी बेहतर रहे। उन्होंने कहा कि रासायनिक खाद और कृषि रक्षा रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कई तरह की बीमारियां लोगों में हो रही हैं जिसका एकमात्र विकल्प प्राकृतिक खेती है। उप कृषि निदेशक राजकुमार ने कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के किसानों से आह्वान किया कि जो किसान भाई इस योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं वे अपने अभिलेख अपलोड, ई के वाई सी आदि काम पूरे करा लें तभी अगली किस्त प्राप्त होगी। भूमि संरक्षण अधिकारी चित्रकूट तुलसीराम प्रजापति ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार से बताया और भूमि व जल संरक्षण के समुचित उपयोग पर बल देने की बात कही। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि शंकर गौतम ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया। जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ल ने कहा कि सभी किसान भाई प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ें। कृषि और पशुपालन एक दूसरे पर आश्रित हैं इसलिए सभी किसान भाई अपने पशुओं को अपने घर पर ही संरक्षित करते हुए उनके द्वारा उत्पादित गोबर एवं गोमूत्र को अपने खेत में ही प्रयोग करें साथ ही फसल अवशेष एवं हरी खाद के द्वारा अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करें। गोष्ठी में लगभग 700 किसानों ने भाग लिया और वैज्ञानिक चर्चा की। इस अवसर पर कृषि व पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा विकास खण्ड के पदाधिकारी व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## छत से गिरकर विवाहिता की मौत, पिता बोले- ससुरालियों ने छत से फेंक कर मार डाला

**माधव संदेश/आकाश**



औरैया (ब्यूरो)। सहार थाना क्षेत्र के पुर्वा में देर शाम को एक विवाहिता को घायलावस्था में परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देख तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में महिला की मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है।पुर्वा दानशाह निवासी पिंटू शर्मा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2014 में कानपुर देहात के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के भुगनियापुर निवासी आरती शर्मा (30) के साथ हुई थी। देर शाम को वह छत पर टहल रही थी। इस दौरान पैर फिसलने से वह आंगन में आ गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी सहार पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। देर रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।सीएचसी सहार के डॉ. शशांक सचान ने बताया कि आरती के चेहरे पर चोट लगने की वजह से नाक और कान से खून आना बंद नहीं हो रहा था। बेटी की मौत की जानकारी पर सुबह पहुंचे पिता बलवान दास ने पुलिस को फोन कर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। बताया कि ससुरालीजनों ने बेटी को छत से फेंक कर मार दिया है। पुलिस ने मृतका के पति व देवर को पूछताछ के लिए थाने में बैठाया है। थानाध्यक्ष कालीचरण ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## कब्रिस्तान में ताजिया रखने के रोक पर मुस्लिम समुदाय के लोग नही मना रहे मुहर्रम का त्योहार

**अनिल सिंह ब्यूरो चीफ़ माधव संदेश** चित्रकूट - कब्रिस्तान में ताजिया रखने के रोक पर मुस्लिम समुदाय के लोग नही मना रहे मुहर्रम का त्योहार,मुहर्रम के त्योहार के चार दिन बीत जाने के बाद भी मुस्लिम भाईयों ने नही उठायी ताजिया,पूर्व की भांति कब्रिस्तान में ताजिया रखने की मांग पर मुस्लिम समुदाय ने मुहर्रम का त्योहार बनाने की रखी शर्त, कब्रिस्तान की भूमि पर विवाद होने पर प्रशासन ने ताजिया रखने से प्रशासन ने किया है मना,शहर मुख्यालय में नही मनाया जा रहा मुहर्रम का त्योहार ।

## दूर होंगी गिहार बस्ती की समस्याएं,नगर पंचायत अध्यक्ष ने नेहरू नगर वार्ड में गिहार बस्ती में लोगों की समस्याएं जानीं

### मुहल्ले मुहल्ले में समस्याएं सुनने की चेयरमैन की कार्यप्रणाली की नगरवासी कर रहे सराहना



**माधव संदेश/आकाश** दिबियापुर औरैया (ब्यूरो)। रविवार शाम नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने नेहरू नगर वार्ड में गिहार बस्ती का निरीक्षण कर वहां के लोगों की समस्याएं जानीं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सड़क नाली आदि के साथ जो भी समस्याएं हैं, उनका जल्द स्थाई निराकरण किया जाएगा। दिबियापुर की गिहार बस्ती में गिहार समुदाय के लोगों की बड़ी आबादी रहती है। बस्ती के लोगों ने मुख्य रूप से गली और जल निकासी की समस्या नगर पंचायत अध्यक्ष के सामने रखी। बस्ती के लोगों ने बताया कि अरसे से बस्ती की गलियां खराब है, किसी ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया है। चुनाव जीतने के बाद पहली बार कोई चेयरमैन उनके बीच उनकी समस्या जानने के लिए आया है, यह जानकर बड़ी संख्या में गिहार समुदाय के लोग घरों से निकलकर एकत्र हो गए और बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने जल्द से जल्द सड़क ,नाली निर्माण कराए जाने व अन्य समस्याओं के निस्तारण का उन्हें भरोसा दिया। उनके साथ भाजयुमो जिला महामंत्री अंकुर तिवारी, बृजेश कुमार मिश्र, नगर पंचायत के सफाई नायक आदि प्रमुख रूप से रहे।

## पुलिस ने दो अभियुक्त ों को चरस के साथ गिरफ्तार किया

**माधव संदेश/आकाश**



अछल्दा,औरैया (ब्यूरो)। पुलिस ने गस्त के दौरान 2 सगे भाइयों को चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कस्बा के नहर पुल के पास पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे चैकिंग कर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश के साथ एस आई ब्रजेश भार्गव ने गट्टे लाल पुत्र निन्ही लाल एवं मौजीलाल पुत्र निन्ही लाल निवासी रमनगरा अछल्दा को पुलिस चैकिंग के दौरान मन्दिरों के छोटे बड़े पीतल के 8 घण्टे व दोनों भाइयों के पास से साढ़े 4 सौ ग्राम चरस बरामद की जिसमें 2 सौ पचास ग्राम चरस मौजी लाल एवं 2 सौ ग्राम चरस गट्टे लाल के पास से चरस बरामद की गयी पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ एन डी पी एस एक्ट व धारा 41 व 411 के तहत मामला दर्ज कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया

## भाजपा युवा मोर्चा के लोकप्रिय नेता डा विजय यादव ने पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

### पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के तहत डॉ विजय यादव ने किया वृक्षारोपण

**माधव संदेश/ क्राइम ब्यूरो दीपक राही** रायबरेली । डलमऊ के शंकरगंज में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य और जिले के लोकप्रिय नेता डॉ विजय यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ वृक्षारोपण किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पर्यावरण संरक्षण की ओर कदम बढ़ाओ के साथ ही पेड़ धरती के अंदर स्वच्छता एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतिपादन करते हैं । उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में पर्यावरण तथा जलवायु के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु वृक्षारोपण अभियान 2023 के अंतर्गत प्रदेश में होने वाले 35 करोड़ वृक्षारोपण में हम सब अपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर वृक्षारोपण कर रहे हैं । श्री यादव ने कहा पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक होते हैं लेकिन आधुनिक समय में जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जा रही है पेड़ों की लगातार कटाई होती जा रही है । तरक्की के नाम पर लोग जिस तरह से पर्यावरण को हानि पहुंचा रहे हैं उसे जरा भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है । इसी के तहत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वृक्षारोपण अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए हम सभी पूर्ण रूप से कटिबद्ध हैं । पर्यावरण की बढ़ती समस्या को देखकर वर्तमान समय में सरकार के द्वारा वन संरक्षण एवं वृक्षारोपण के लिए अनेक तरह के प्रयास सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं । सरकार के साथ-साथ हम सभी आम जनमानस को भी इस महत्वपूर्ण कार्य में योगदान देना होगा और हम सभी को पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखना होगा द्य साथ ही साथ दूसरों को भी वृक्षारोपण के लिए जागरूक करना होगा । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सभासद माधवेंद्र मिश्रा, प्रतिनिधि परुन यादव, पूर्व नामित सभासद अमरेश निर्मल, रामाशीष यादव, शिवमूरत सिंह, बीके सिंह, मनीष सिंह आदि लोग उपस्थित रहे



# भू माफियाओं के हौसले हुए बुलंद




**माधव संदेश/ संवाददाता** रायबरेली में भू माफियाओं के हौसले हुए बुलंद हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गढ़ी खास गांव में कब्रिस्तान की जमीन पर हो रहे हैं अवैध कब्जे का विरोध करने पर अपना दल से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लक्ष्मीकांत दी ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी सैकड़ों की संख्या में देर रात ग्रामीणों ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार ग्रामीणों ने बताया कि भूमाफिया लक्ष्मीकांत जो बछरावां विधानसभा से अपना दल के टिकट पर चुनाव लड़ चुका है वह अपने गुर्गों के साथ मिलकर कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जा करके बेचने की फिराक में था जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उसने अपने गुर्गों के साथ मिलकर ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी भी इसी बात से नाराज ग्रामीणों में सड़कों की संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया सूचना पर मौके पर कई थानों की फोर्स सहित तहसीलदार मौके पर पहुंच गये अधिकारियों ने ग्रामीणों को कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए समझा-बुझाकर शांत किया।

# जीवनधारा पौधारोपण अभियान हुआ गतिशील 5100 पौधों का लक्ष्य पूरा करने में जुटे समिति के सदस्य

### पौधारोपण के उपरांत हुआ पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन

### सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे हैं फल, फूल व छायादार पौधे

### समिति द्वारा लोगों की मांग पर किया जा रहा है पौधों का वितरण

**माधव संदेश/आकाश**




औरैया (ब्यूरो)। एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा पर्यावरण संरक्षण व शहर को क्लीन व ग्रीन रखने के उद्देश्य से जीवनधारा पौधारोपण अभियान लक्ष्य-5100 पौधों के पौधारोपण का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आज दिनांक 23 जुलाई 2023 दिन रविवार को प्रातः 8 बजे समिति के सदस्यों द्वारा यमुना तट मार्ग व सार्वजनिक स्थानों पर पीपल, कदम, चितवन, पकड़िया, बरगद, आंवला, नीम, बेलपत्र, हरसिंगार आदि के पौधों का पौधारोपण किया गया, पौधों की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों को सौंपी गई। पौधारोपण के उपरांत हुआ पर्यावरण गोष्ठी का आयोजन जिसमें देवेंद्र आर्य व पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरू) ने पर्यावरण आंदोलन में जनभागीदारी हेतु अपने विचार विमर्श करते हुए उन्होंने बताया कि पेड़ पौधे बिना किसी भेदभाव के सबको हरियाली, स्वच्छ वातावरण व प्राणवायु (ऑक्सीजन) प्रदान करते हैं, समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि पर्यावरण के संतुलन से ही मानव जीवन स्वस्थ व सुरक्षित है, स्कूल व कॉलेजों में पर्यावरण गोष्ठी, पर्यावरण रैली, आदि जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की जरूरत है, जिससे वह पर्यावरण के प्रति सजग होकर प्रकृति के श्रंगार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें, समिति द्वारा ग्रामीण व शहरी सार्वजनिक क्षेत्रों में पौधारोपण निरंतर जारी हैं, 5100 पौधारोपण लक्ष्य के अंतर्गत 2760 पौधों का पौधारोपण किया जा चुका है, जिसकी सुरक्षा व देखभाल समिति द्वारा निरंतर की जा रही हैं, लक्ष्य पूरा होने तक पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बैंक से डॉ. शिव कुमार सोनी, सेवानिवृत्त अधिकारी शेखर गुप्ता, तेज बहादुर वर्मा, राकेश गुप्ता, योगेश गुप्ता, विनय पुरवार, सभासद विनोद यादव (कल्लू), व्यापारी नेता नीरज पोरवाल, हिमांशु दुबे (पत्रकार), मनीष पुरवार (हीरु), देवेंद्र आर्य, राघवेंद्र पोरवाल, जूनियर शाखा अनमोल के पूर्व अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, शिक्षक शिवम गुप्ता, मनीष व सतीश पोरवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

## अधेड़ के साथ की टप्पेबाजी, बीस हजार रुपये किये पार

**माधव संदेश/आकाश**



**फफूंद,औरैया ( ब्यूरो )। नगर से एक ब्यक्ति अपने बड़े भाई से पैसा लेकर घर जारहा था, पंजाब बैंक के पास बाइक से दो युवकों ने जीजा कहा और पैर छू लिए तथा अपनी बाइक पर बैठा करके उसकी जेब को काट लिया। जिससे उसकी जेब मे पड़े बीस हजार रुपये ले उठे। नगर के मोहल्ला चमनगंज निवासी अवधेश राठौर उर्फ गोदी पुत्र राम रत्न राठौर ठेला पर लाही लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार को अपने बड़े भाई शैलेन्द्र जो किराने की दुकान किए हैं उनसे बीस हजार रुपये लेकर घर जाने लगा जैसे ही पंजाब नेशनल बैंक के पास पहुंचा तभी एक बाइक पर बैठ कर दो लोग आये जिन्होंने बाइक रोकी और जीजा कहकर पैर छू लिए और कहने लगे जीजा कहा जारहे हो उसने कहा घर पर बाइक में बीच मे बैठा लिया बाइक पर बैठा कर महावीर मन्दिर के पास लेजाकर उतार दिया और चले गये जब उसने अपनी जेब देखी तो जेब गायब थी। टप्पे बाजी की घटना देख वह जोर जोर से चिल्लाने लगाना वहां पर भीड़ एकत्रित हो गई। पीडित ने अपने साथ हुई घटना की तहरीर थाने में दी है। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक जीवाराम ने बताया कि घटना की जांच करवा कर कार्यवाही की जाएगी।**

## बढ़ता तापमान दु?निया के ?लिए बना खतरा, ले डूबेगी ग्लोबल वार्मिंग

न्यूयॉर्क । दु?निया के ?लिए बढ़ता तापमान बड़ा खतरा पैदा कर रहा है। वैज्ञा?निक कह रहे हैं ?कि एक ?दिन ग्लोबल वा?र्मिंग पूरी दु?निया को ले डूबेगी। गौरमलब है ?कि यूरोपीय महाद्वीप में गर्मी हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। इटली में तो झुलसाती गर्मी के कारण रोम समेत 16 शहरों में रेड अलर्ट तक जारी करना पड़ गया। वहीं, अमेरिका में भी लोगों को भयंकर गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, अफ्रीका से आने वाली गर्म हवाओं ने यूरोप में हालात बिगाड़ दिए हैं। वहीं, एशिया में चीन के लोगों को भीषण गर्मी न परेशान ?किया है। ऐसे में ये सवाल भी है कि आने वाले समय में भारत में भी तापमान बढ़ेगा और लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना होगा? मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, बहुत ज्यादा गर्म मौसम होने पर हीटवेव की स्थिति बन जाती है। हालांकि, ऐसे हालात लंबे समय तक नहीं रहते हैं। किसी भी क्षेत्र में हीटवेव के हालात तब बनते हैं, जब उस जगह का औसत तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। भारत में हीटवेव को तीन मानकों पर परखा जाता है। सबसे पहला, जब मैदानी इलाकों का तापमान 40 डिग्री से ज्यादा हो जाता है तो हीटवेव के हालात मान लिए जाते हैं।वैज्ञा?निक बताते हैं ?कि भारत में अगर तटीय इलाकों का तापमान 37 डिग्री के पार चला जाता है तो हीटवेव के हालात घोषित कर दिए जाते हैं। वहीं, पहाड़ी क्षेत्र का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो जाता है तो हीटवेव की स्थिति मान ली जाती है। फिलहाल भारत में मानसून की वजह से राहत है, लेकिन उमस से लोग परेशान हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, ऐसे हालात का प्रमुख कारण ग्लोबल वार्मिंग है। वहीं, वैज्ञानिक शोध कर रहे हैं आखिर तापमान में लगातार बढ़ोतरी क्यों हो रही है? लगातार जलवायु परिवर्तन के कारण भारत भी हीटवेव की जद में हैं। हालांकि, फिलहाल ये नहीं कहा जा सकता है कि भारत में पड़ने वाली ग्रीष्म लहर अमेरिका जैसी होगी या नहीं। एक रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि भारत समेत एशिया, अमेरिका और यूरोप गर्मी से प्रभावित होते रहेंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक, इन क्षेत्रों में गर्मी पड़ने का कारण आर्थिक गतिविधियां भी हैं। नार्थ वेस्टर्न यूनिवर्सिटी के जलवायु वैज्ञानिक डेनियल हॉर्टन ने कहा है कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से गर्म हवा का प्रसार होगा। इससे तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती रहेगी।

## उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक में फिरोजाबाद के महानगर अध्यक्ष ने उठाई व्यापारियों की समस्यां

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक डी ग्लोबल होटल निराला नगर में प्रांतीय अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ दिलीप सेठ एवं राजेंद्र गुप्ता दोनों प्रांतीय महामंत्रियों ने संयुक्त रूप से किया। प्रांतीय कार्य समिति की बैठक में व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष अंबेश शर्मा ने फिरोजाबाद की व्यापारियों के उत्पीड़न एवं ज्वलंत समस्याओं को उठाया। प्रांतीय कार्य समिति ने पूरे प्रदेश में जीएसटी सर्वे छापे के नाम पर आईडी के प्रवेश का पुरजोर विरोध करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष कैलाश उपाध्याय, प्रांतीय मंत्री मदन लाल वर्मा, महानगर कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महानगर महामंत्री रामबाबू झा ने भाग लिया।

## किराना एसोसिएशन बुजुर्ग व्यापारियों को करेंगी सम्मानित

फिरोजाबाद। किराना एसोसिएशन की बैठक का आयोजन एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल की अध्यक्षता में किया गया। एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री पंकज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी किराना एसोसिएशन की वार्षिक गोट का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ जीके वाटर पार्क परमेश्वर गेट पर किया जायेगा। कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याऐं एवं वर्ष 2023-24 के लिए एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष तीनों पद के लिए चुनाव होगा। एसोसिएशन के महामंत्री संजू बांसवाड़ा' ने बताया कि किराना एसोसिएशन बनवारी लाल पंसारी, विमल चंद जैन, निर्मल चंद्र एडवोकेट, राकेश गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता को व्यापारी गौरव सम्मान से सम्मानित करेंगी। बैठक में राजू गुप्ता, कमल गुप्ता, आलोक मित्तल, अमित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पंकज गुप्ता, नवीन जैन, विकी जैन, मोनी जैन, भगत जी, सचिन, सुनील बांसवाड़ा आदि किराना व्यापारी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को आई फ्लू के प्रति किया जागरूक

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को आई फ्लू के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि देश के कई शहरों में बारिश की वजह से बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। इस समय आँखों से जुड़ी बीमारियां भी तेजी से बढ़ने लगी है, जिसमें आई फ्लू के केस लगातार बढ़ रहे हैं। आई फ्लू से पीड़ित व्यक्ति की आँखो में दर्द, लालपन जैसी कई परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। ऐसे में सभी को आई फ्लू के संक्रमण से बचना चाहिए। आई फ्लू के दौरान आँखों के सफेद हिस्से में संक्रमण हो जाता है। आई फ्लू के ज्यादातर मामले सर्दी खांसी वाले वायरस की वजह से बढ़ते हैं। बरसात में फंगल इन्फेक्शन समेत हवा में प्रदूषण, वातावरण में नमी जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने बताया कि आई फ्लू के मुख्य लक्षण आँखो का लाल होना, आँख में सफेद रंग का कीचड़ दिखाई देना, आँखो से पानी बहना, आँखो में सूजन, आँखो में दर्द एवं आँखों में खुजली होना है। आई फ्लू फैलने के कारण बारिश के गन्दे पानी में नहाने या फिर लम्बे समय तक पसीने में काम करने से आँखो में इन्फेक्शन की समस्या हो जाती है। इसके अलावा आई फ्लू से पीड़ित लोगों से हाथ मिलाने और गन्दे हाथों से आँखों को छूने से भी आँखों में इन्फेक्शन हो जाता है। आई फ्लू से बचने के लिए पीड़ित व्यक्ति काला चश्मा पहनकर रखें, टीवी या मोबाइल देखने से बचें, आँखों को बार-बार छूने से बचें। यदि किसी को आई फ्लू हो जाए तो आँखो को गुनगुने पानी से साफकरें, आँखों को साफकरने के लिए किसी साफऔर सूती कपड़े का प्रयोग करें एवं आई फ्लू के लक्षण दिखते ही डॉक्टर से सम्पर्क करें। इस अवसर पर निवेदिका यादव, संयुक्ता, तनवी जादौन, अवन्तिका शर्मा, भूमी गुप्ता, संध्या, शालिनी, सोनाली, स्नेहा बघेल, अल्तिशा, रोली यादव, दीक्षा, लोकेश यादव, शिवम कुमार, मोहन, रोहित राजपूत, रितिक बघेल, अभिषेक कुमार, अनुराग, करन, सोहेल जैन, अनीश खान, राज खान आदि मौजूद रहे।

## भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा ने सराय एसर में किया वृहद पौधरोपण




इटावा।भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा द्वारा ग्राम सराय एसर स्थित कंपोजिट विद्यालय में अपने वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के पौधों का वृहद स्तर पर रोपण कर समाज को पर्यावरण की संरक्षा एवं संवर्धन का संदेश दिया गया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को टाफियाँ भी बांटी गईं। शाखा के वृक्षारोपण प्रभारी राजीव कुमार पाठक के संयोजन में शाखा अध्यक्ष केके त्रिपाठी,सचिव महेश चंद्र तिवारी,कोषाध्यक्ष महेश कुमार बाथम,राजेंद्र कुमार दीक्षित, रनवीर सिंह गौर,महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी,विनोद त्रिपाठी, चंद्रभान मिश्रा,कौशल चंद्र चतुर्वेदी, राजेश मिश्रा,सुधीर मिश्र,पवन शर्मा के अलावा ग्राम प्रधान सरवन सिंह,विद्यालय की प्रधानाध्यापक कुसमा देवी,शिक्षकों में दीपा चौहान,आराधना अग्निहोत्री, साधना सिंह,राजेश सिंह,हृदय नारायण,श्वेता सेंगर ने स्कूली बच्चों के साथ कदंब,शहतूत,कनेर, अल्स्टोनिया,फाइकस आदि अनेक पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया। ग्राम प्रधान एवं विद्यालय परिवार की ओर से यह आश्वासन भी दिया गया कि रोपित किए गए पौधों की विधिवत देखभाल कर उन्हें पल्लवित एवं पुष्पित करने पर पूरा ध्यान दिया जाएगा।

## एक शख्स दिनभर में पीता था 10 लीटर पानी

लंदन । एक शख्स रोजाना 10 लीटर पानी पीता है, उसकी जांच की गई तो डॉक्टर्स की धारणा ही बदल गई। 41 वर्षीय जोनाथन नामक शख्स को खूब प्यास लगती थी। जिसके वजह से वह रोजाना 10 लीटर पानी पीने लगा था। डॉक्टर्स को लगा कि जोनाथन को हो न हो डाइबिटीज की बीमारी है। लेकिन जांच उसमें ऐसी कोई लक्षण दिखाई नहीं दिए। डॉक्टर्स भी हैरान रह गए कि इसका ऐसा क्या कारण हो सकता है? आंखों में दिक्कत हुई तो जोनाथन जांच कराने के लिए डॉक्टर के पास पहुंचे। वहां टेस्ट में उनकी आंखों में गांठ दिखाई पड़ी। जब उनका एमआरआई किया गया तो पता चला कि उनकी पिट्यूटरी ग्लैंड के पास एक ब्रेन ट्यूमर है। ये ग्लैंड मानव की भावना और एहसास को नियंत्रित करता है। लेकिन उनके पिट्यूटरी ग्लैंड के पास ट्यूमर होने की वजह से ये काम करना बंद कर दिया था और उन्हें हमेशा प्यास लगे रहने का एहसास रहता था। जिसके वजह से वह रोजाना जरूरत से पांच गुना ज्यादा पानी पीने लगा था। जोनाथन ने बताया कि जैसे ही मुझे ट्यूमर के बारे में डॉक्टर्स ने जानकारी दी, मैं सदमे में चला गया।

# चिराग ने की पहल चलो चलें,स्कूल चलें




संवाद न्यूज़ माधव संदेश फिरोजाबाद। चिराग सोसाइटी फिरोजाबाद द्वारा आज अटल पार्क से卐चलो चलें,स्कूल चलें卐 कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में अटल पार्क में आए पर्यटको के मध्य बच्चों को शिक्षा दिलाने का संदेश दिया। इस अवसर पर चिराग सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ जफर आलम ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर बच्चा स्कूल जाए ताकि हमारा समाज शिक्षित हो सके जब तक हमारे देश का हर बच्चा स्कूल नहीं पहुंचेगा तब तक देश तरक्की नहीं करेगा। हमें तालीम की अहमियत को समझना चाहिए देखा जाता है कि बड़ी तादाद में हमारे देश में लोग धूम्रपान नशा करते हैं शराब पीते हैं और अपनी मेहनत पसीने की कमाई को फिजूल खर्च कर देते हैं अगर हम पान मसाला गुटके को बंद करते कर देते हैं तो इस पैसे को अपने बच्चों की शिक्षा में लगाते हैं तो हमारा परिवार हमारा समाज और हमारा देश उन्नति अवश्य करेगा। इस मौके मुख्तार आलम,मोहम्मद सईद, सारिक जहीर ने कहा कि हमें शिक्षा को हथियार बनाना चाहिए शिक्षा ही ऐसी चाबी है जिससे सभी तरह के ताले खुल जाते हैं चिराग सोसाइटी का यह कार्यक्रम सराहनीय है। पार्क में आने वाले सभी महिला पुरुष एवं बच्चों के लिए चिराग का यह कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बन गया क्योंकि सभी के हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां एवं बैनर थे और संस्था के कार्यकर्ता स्कूल चलें स्कूल चलें नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस अवसर पर संस्था के साथ प्रतिभाग करने वाले बृजमोहन सविता, प्रवीण कुमार शर्मा, जेके मास्टर, मुख्तार आलम, मोहम्मद सईद, शारिक जहीर, मोहम्मद शाकिर, शाहनवाज खान, मोहम्मद निजाम और जाहिद सर,मोहम्मद परवेज, मोहम्मद हामिद सर, सपना एवं विभिन्न महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

# वीरांगना वाहिनी हिंदू जागरण मंच चंद्रनगर महानगर की बैठक सम्पन्न




फिरोजाबाद। वीरांगना वाहिनी हिंदू जागरण मंच चंद्रनगर महानगर की एक बैठक किशोर मुनी आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में वीरांगना वाहिनी की अध्यक्ष मधुरिमा ने भगवा यात्रा में बहनों के सहयोग के लिए सभी को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि जल्दी ही चंद्रनगर के सभी जगहों पर वीरांगना की कार्यकारिणी तैयार करनी है। साथ ही कहा कि भगवा यात्रा में जिन बहनों ने स्वरूप धारण किया था उन सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है। डॉ दुर्गेश यादव ने कहा हमारे समाज में जिस तरह से विधर्मी हमारी बहनों को टारगेट करके लव जिहाद में फंसाकर हमारे समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है, हमें इन विधर्मियो को सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने अपने-अपने घरों के वातावरण को धार्मिक बनाने पर जोर दिया। जिससे इस तरह की घटनाएं कम होंगी। बैठक में पूनम चौहान, पूजा शर्मा, पूजा जादौन, नंदनी, स्वाती, सीमा, प्रेमश्री, बेबी वर्मा, विशाखा, जयश्री आदि बहनें मौजूद रही।

# माथुर वैश्य समाज के रक्तदान शिविर में 417 लोगों ने किया ब्लड डोनेट





फिरोजाबाद। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा के आवहान पर माथुर वैश्य मण्डलीय परिषद द्वारा जनपद में दस रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें 417 रक्तवीरों ने ब्लड डोनेट कर लोगों से रक्तदान करने की अपील की।


रविवार को माथुर वैश्य मण्डलीय परिषद ने शहर में जीवन धारा हॉस्पीटल, प्राइवेट ट्रामा सेंटर, ग्लोबल ब्लड बैंक, माथुर वैश्य हॉस्पीटल, माथुर वैश्य सेवा सदन सुहाग नगर, शिव पैलेस, जिला अस्पताल के अलावा सिरसागंज में माथुर वैश्य धर्मशाला, खेरगढ़ में इनडो केयर, मक्खनपुर में डॉ सतीश चंद्र गुप्ता में रक्तदान शिविर आयोजित किये गये। वहीं फिरोजाबाद में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का शुभारम्भ नगर विधायक मनीष असीजा ने फीता काटकर किया। नगर विधायक ने रक्तवीरों को हेलमेट प्रदान कर लोगों से यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। वहीं मेयर कामिनी राठौर ने माथुर वैश्य सेवा सदन में रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जनपद में कुल 417 लोगों ने रक्तदान कर निस्वार्थ सेवा करने संकल्प लिया। शिविर में मंडल अध्यक्ष मुकेश गुप्ता गाजीपुर, मंडल मंत्री दीपक गुप्ता कालू, रक्तदान संयोजक शंकर गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, प्राची सेठ, देशदीपक राजा, राहुल गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता देवू, पूजा गुप्ता, सत्यप्रकाश गुप्ता महाराजा, डॉ सूर्य प्रकाश गुप्ता, मनीष अंलकार, अंकित गुप्ता, अनूप गुप्ता, सारिका गुप्ता, निशा गुप्ता, रूबी, वंदना, सत्यवीर गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, देवेन्द्र बाशल्स, राकेश मेरोठिया, निर्भय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# परशुराम सेवा समिति ने 50 मेधावियों को किया सम्मानितः डॉ सुशील सम्राट




**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति उ. प्र. का मेधावी सम्मान समारोह रविवार को नगर पंचायत इकदिल के बैंकट हाल में सम्पन्न हुआ द्य कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की प्रतिमा व माँ सरस्वती जी की पूजा अर्चना के साथ किया गया द्य शिक्षक भगवान दास ने काव्य पाठ किया द्य सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटर मीडियेट के 50 मेधावी छात्र/ छात्राओं को प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह व परशुराम जी की पट्टिका से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री ने की तथा संचालन प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने किया द्य मुख्य अतिथि के रूप में अवधेश कुमार मिश्रा (प्रधानाचार्य श्री जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज बुआपुर) उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम में परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने समिति के बारे में जानकारी देते बताया कि समिति लगातार सामाजिकता कार्यों में आगें रहती है द्य उन्होंने कहा कि मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करना ही समिति का मुख्य उद्देश्य है द्य मुख्य अतिथि अवधेश कुमार मिश्रा ने कहा कि छात्र/ छात्राएं नियमित पढाई करें और पाश्चात्य संस्कृति से दूर रहें द्य अध्यक्षता कर रहे संरक्षक कृष्ण मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि छात्र/ छात्राएं मेहनत और लगन के साथ पढाई करें और अपने माता/पिता व गुरु का नाम रोशन करें कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, राजकुमार दीक्षित, प्रदेश मीडिया प्रभारी धीरज अग्निहोत्री, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्रदेव दुबे, सदस्य शरद शुक्ला,जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी, महामन्त्री राज तिवारी, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष गीतिका तिवारी, महामंत्री खुशी उपाध्याय, मुस्कान उपाध्याय, नगर अध्यक्ष इटावा अमन चतुर्वेदी, नितिश पुरवार जिला उपाध्यक्ष नगर उद्योग व्यापार मंडल, रमेश चंद्र राजपूत, विपिन चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे द्य अन्त में प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने उपस्थित छात्र/छात्राओं, अभिभावकों व समिति के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया

# सपा महिला सभा ने मणिपुर में हुई शर्मसार घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकाला





इटावा।मणिपुर हिंसा में भीड़ द्वारा महिलाओ के साथ अमानवीय व्यवहार का दृश्य देख मन व्याकुल है।पशु और इस भीड़ में कोई फर्क नहीं है।पशुओ को जैसे नियंत्रण में रखते है ठीक उसी प्रकार सरकार को ऐसे लोगो पर नियंत्रण रखना होगा। इस भीड़ ने सम्पूर्ण मानव जाति तथा देश को कलंकित किया है,मणिपुर में हुई देश को शर्मशार करने वाली घटना के विरोध में समाजवादी महिला सभा की प्रदेश प्रमुख महासचिव अनीता यादव की अध्यक्षता में ईदगाह चौराहे से शास्त्री चौराहे तक महिलाओं के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल यादव महासचिव चंदन सिंह बघेल आशीष दीक्षित आलोक दीक्षित पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया सैनिक प्रकोष्ठ के रविंद्र सिंह के साथ-साथ सैकड़ों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कैंडिल मार्च निकाल कर न्याय की मांग एवं मणिपुर सरकार की बर्खास्तगी की मांग की। अनीता यादव प्रमुख प्रदेश महासचिव प्रतिभा शाक्य भावना यादव सीमा यादव किरण मंजू सरिता देवी रेखा देवी सुमन ललिता देवी पारुल चौरसिया पुष्पा देवी रामादेवी मालती यादव सीमा पाल मीरा गुप्ता अर्चना कुशवाहा दीपी तोमर सहित सैकड़ों महिलाओं ने कैंडल मार्च निकाला और मणिपुर की सरकार को बर्खास्त करने की मांग की वहां के जो दरिंदे थे उनको फांसी की सजा की मांग की है।

# सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम महत्वपूर्ण एवं जीवनोपयोगी- प्राचार्य डाइट

***जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट परिसर) में आयोजित हुआ सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम***

**इटावा।** मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन व बेसिक शिक्षा अधिकारी के सगयोग से जनपद इटावा में पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिये कार्य कर रही संस्था ऑर्गनाइजेशन फ़ॉर कंजर्वेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर (ओशन) द्वारा आयोजित स्कूल सेफ्टी (एसएस), एसडीएमपी स्कूल डिजास्टर मेंनेजमेंट प्लान के तहत राज्य आपदा विषयक सर्प पहचान,सर्पदंश उपचार व सर्पों का महत्व विषय पर आधारित एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,इटावा (डायट परिसर) में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

जागरूकता कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद इटावा के स्वच्छता पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के ब्रांड एम्बेसडर,मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इण्डिया के यूपी कोर्डिनेटर, वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विज्ञान शिक्षकों को प्रोजेक्टर के माध्यम से सर्पो से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पहचान और उपचार सम्बन्धी जानकारियाँ प्रोजेक्टर के माध्यम से देते हुये बताया कि,भारत में हर साल सर्पदंश से लगभग 64,000 लोग असमय ही मरते है जिनमें से ज्यादातर लोग सही समय से सही इलाज न मिलने से ही मरते है।यूपी में मौत का यह आंकड़ा लगभग 16,100 तक है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में व घरों में चूहों,मेंढकों को सूंघकर ही उनके पीछे अक्सर सर्प भी घुस आते है। अतः हमे अपने अपने घर मे व स्कूलों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिये। उन्होंने कहा कि कृपया बरसात के इस मौसम में वेहद सावधान रहें क्यों कि कभी सर्प आपके किसी कमरे के बाहर रखे जूते में भी छिपा हो सकता है व अपको कोई बाइट भी हो सकती है।वैसे तो छोटे बड़े सर्प अक्सर ही हमारे आस पास हमे कभी भी दिखाई दे ही जाते है और हम भयभीत होकर अनजाने में सर्पदंश का शिकार भी हो जाते है लेकिन ऐसी स्थिति में हमे बिल्कुल भी घबराना नही है क्यों कि, हमारे आस पास दिखाई देने वाले सभी प्रकार के सर्प जहरीले भी नही होते है। यह ध्यान रहे कि सर्पदंश का इलाज झाड़ फूँक नही बल्कि एंटीवेनम ही होता है जो जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में कमरा नंबर तीन में मौजूद है।

डॉ.आशीष ने कहा कि सभी सर्प किसान मित्र भी होते है जो चूहों को खाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में अपनी अहम भूमिका भी निभाते है अतः उन्हे न मारे। सम्पूर्ण भारत मे पाई जाने वाली खतरनाक जहरीली बिग फोर प्रजाति में से केवल कोबरा, करैत व रसल



वाइपर को ही अब तक हमारे जनपद में देखा गया है।

कार्यक्रम में संस्था ओशन के डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर डॉ.पीयूष दीक्षित ने प्रश्नोत्तरी पहर में सामाजिक अंधविश्वास विषय पर सभी शिक्षकों को जागरूक किया व कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कर अंधविश्वास भी दूर किया। प्राचार्य डायट कृष्ण पाल सिंह ने कहा कि राज्य आपदा विषयक सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम का विशेष प्रशिक्षण सत्र सभी उपस्थित विज्ञान शिक्षकों के लिए बेहद ही अनूठा व ज्ञानवर्धक रहा इस आयोजन से सभी शिक्षकों का सर्पों के प्रति अज्ञात भय अब बिल्कुल ही समाप्त हो गया है।वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार ने सर्पदंश को राज्य आपदा भी घोषित किया है उस परिपेक्ष्य में यह जागरूकता कार्यक्रम समाज मे सर्पदंश से होने वाली जनहानि रोकने के लिये बेहद ही उपयोगी है। नोडल प्रभारी प्रशिक्षण,डायट प्रवक्ता अगम मिश्रा ने कहा कि इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विज्ञान शिक्षकों ने सभी प्रकार के सर्पों को पहचानने के साथ साथ सर्पदंश के बाद का जरूरी प्राथमिक उपचार व पट्टी करना भी सीखा साथ मे यह भी जाना कि सर्पदंश के बाद सही इलाज के लिए उन्हें कहाँ जाना चाहिये। जागरूकता कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता श्रीमती गायत्री,ब्रजलाल, सहित मास्टर ट्रेनर में डॉ.निधि चतुर्वेदी सीमा यादव,श्वेता अग्निहोत्री,सुरजीत सिंह प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## फीफा महिला विश्व कप- सोफिया स्मिथ के दो गोलों की बदौलत यूएसए ने वियतनाम को 3-0 से हराया

**ऑकलैंड।** मौजूदा चैंपियन संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) ने यहां फीफा महिला विश्व कप के ग्रुप ई मैच में वियतनाम पर 3-0 से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की। यूएसए के लिए सोफिया स्मिथ ने दो और लिंडसे होरेन ने एक गोल किया। टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करण और कुल मिलाकर चार खिताब जीतने के बाद, यूएसए टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम है, जबकि वियतनाम ने पहली बार पुरुष या महिला विश्व कप के फाइनल चरण के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया है। मैच में यूएसए ने तेज शुरुआत की और गोल करने के कई मौके बनाए। मैच के 14वें मिनट में स्मिथ ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इंजुरी टाइम में स्मिथ ने अपना दूसरा गोल किया। मध्यांतर तक यूएसए की टीम 2-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद भी यूएसए की टीम ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखा। मैच के 77वें मिनट में स्मिथ ने दाहिने फ्लैंक पर लिंडसे होरेन को पास दिया और उन्होंने इसे गोल में बदलकर यूएसए को 3-0 से जीत दिला दी। अगले गुरुवार को अमेरिका का मुकाबला नीदरलैंड से होगा, जबकि वियतनाम का मुकाबला पुर्तगाल से होगा।



## रक्षात्मक विंडीज ने मोर्चा संभाला

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** वेस्ट इंडीज़ ने उत्कृष्ट डिफेंस का प्रदर्शन करते हुए भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक तीन विकेट के नुकसान पर 174 रन बना लिये। पहले सत्र में कर्क मेकेंज़ी का विकेट गिरने के बाद विंडीज़ ने दूसरे सत्र में सिर्फ क्रेग ब्रैथवेट का विकेट गंवाया। ब्रैथवेट ने 235 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के की सहायता से 75 रन बनाये, जबकि मेकेंज़ी ने 95 गेंद पर चार चौके लगाकर 33 रन की पारी खेली। जर्मेन ब्लैकवुड 89 गेंद पर 16 रन बनाकर जबकि एलिक अथानाज़ 45 गेंद पर 13 रन बनाकर नाबाद हैं। कैरिबियाई टीम की धीमी रनगति और मजबूत डिफेंस से यही प्रतीत हुआ कि मेज़बान ड्रॉ के लिये खेल रहे हैं। शुरुआती सत्र में सिर्फ 10 ओवर फेंके जा सके और विंडीज ने इस दौरान 31 रन जोड़े। मेकेंज़ी ने 44वें ओवर में जयदेव उनादकट को दो चौके जड़े। पारी की रफ्तार अन्यथा धीमी ही रही। मेकेंज़ी ने 45वें ओवर की पांचवीं गेंद पर एक रन लेकर विंडीज़ का सैकड़ा पूरा किया। वह अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन मुकेश कुमार ने उन्हें विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैचआउट करवाकर टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला विकेट लिया। मेकेंज़ी का विकेट गिरने के बावजूद ब्रैथवेट ने अपनी धैर्यवान बल्लेबाजी में कोई बदलाव नहीं आने दिया। वह मेकेंज़ी के बाद 21 ओवर तक पिच पर खड़े रहे, लेकिन इस दौरान वेस्ट इंडीज़ केवल 40 रन ही जोड़ सकी। अंततः, रविचंद्रन अश्विन ने ब्रैथवेट को बोल्ड कर उनकी 235 गेंद लंबी पारी को समाप्त किया।




## इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में भिड़ेंगे हिन्द-पाक

**कोलंबो** । रोमांच और उत्साह से भरे सेमीफाइनल में बंगलादेश-ए से जीत छीनने के बाद भारत-ए फाइनल में पाकिस्तान-ए को हराकर दूसरी बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीतना चाहेगी। भारत-ए ने खेले गये सेमीफाइनल में बंगलादेश-ए के खिलाफ 51 रन की सनसनीखेज़ जीत दर्ज की, जबकि पाकिस्तान-ए ने श्रीलंका-ए को 60 रन से हराया। खिताबी मुकाबले में गत चैंपियन पाकिस्तान-ए को हराना आसान नहीं होगा, लेकिन प्रतिभावान युवाओं से भरी भारतीय टीम इस चुनौती के लिये तैयार है।




## महेश कुमार गुप्ता बने यूपी जूडो एसोसिएशन के चेयरमैन, मुनव्वर अंजार महासचिव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन की आम सभा में पिछले चार वर्षों में हुई प्रगति की समीक्षा की गयी। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। आईएएस महेश कुमार गुप्ता को चेयरमैन, आईएएस मुकेश कुमार मेश्राम और आईपीएस श्रीप्रकाश को वाइस चेयरमैन सर्वसम्मति से चुना गया। सर्वसम्मति से ही सुधीर हलवासिया को अध्यक्ष, मुनव्वर अंजार को महासचिव और अनूप गुरनानी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस चुनाव के लिए जूडो फडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा विजय मुरली को, यू.पी. ओलम्पिक एसोसिएशन द्वारा मनीश कक्कड़ को और खेल विभाग द्वारा अजय सेठी को ऑर्ब्ज़र्वर नियुक्त किया गया था। इस चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक बंसल, श्रीप्रकाश चन्द्रा, सैफ अली नक़वी , डॉ. अशोक रैना, मोहम्मद सादी ज़मा को बनाया गया है। वहीं अजीत कुमार सिंह, फरहत बेग, हुमायु नईम खान, शाह फैसल, आनन्द सिंह, रानी अवस्थी को उपाध्यक्ष बनाया गया। मुनव्वर अंजार अली सिद्दीकी पुनः महासचिव बने। एसोसिएशन की सीईओ आयशा मुनव्वर बनीं। संयुक्त सचिव के पद पर राजेन्द्र शर्मा, दिलशाद सिद्दीकी, सुहैल अहमद, संजय गुप्ता, अनीस उर रहमान, इमरान उर रहमान का चयन हुआ। अनूप गुरगानी कोषाध्यक्ष बने। टेक्निकल कार्उसिल के चेयरमैन उमेश कुमार सिंह, टेक्निकल सेक्रेटरी, दीपक कुमार गुप्ता बनाये गये। वहीं एक्ज़ेक्टिव मेम्बर के तौर पर शादाब आलम, आसिफ, नरेन्द्र कुमार, घनश्याम मौर्य, जया साहू को रखा गया। स्पोर्टस् डॉयरेक्टर के रूप में संजय गिरि कार्य देखेंगे। चीफ कोच लाल कुमार बनाये गये हैं। यह कमेटी चार साल के लिए बनायी गयी है।



## जोनल कराटे टूर्नामेंट सौरभ कुमार और आध्या ने जीता स्वर्ण

**लखनऊ।** सौरभ कुमार ने 'एएसआईएससी यूपी-यूके जोनल कराटे टूर्नामेंट 2023' में स्वर्ण पदक जीता। सेंट थॉमस मिशन स्कूल, जानकीपुरम में आयोजित टूर्नामेंट में लखनऊ के सीआईएससीई विद्यालय के जोन-ए एवं बी की टीमों ने विभिन्न आयु वर्गों की स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। वहीं अंडर-14 बालिका वर्ग में आध्या सिंह ने स्वर्ण पदक जीत लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन स्कूल प्रबंधक फादर लेनी चाको एवं प्रधानाचार्या डॉ. रूपम दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायकों जसपाल सिंह (महासचिव कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी) एवं संतोष कुमार जयसवाल (महासचिव वर्ल्ड माडर्न शोताकॉन फेडरेशन ऑफ यूपी) को सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में सीएमएस की टीम व स्कॉलर होम को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। जसपाल सिंह व संतोष कुमार जायसवाल ने बताया कि इस चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता क्षेत्रीय कराटे टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेंगे। रीजनल कराटे टूर्नामेंट के स्वर्ण पदक विजेता नेशनल लेवल कराटे टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेताओं में अंडर-14 बालक वर्ग में 30-35 किग्रा भार वर्ग में हर्ष प्रताप सिंह और 35 से 40 किग्रा भार वर्ग में तेजस कुमार सिंह रहे। इसी तरह 40-45 किग्रा भार वर्ग में हरशिव ओम अरोरा, 50 से 55 किग्रा भार वर्ग में यशवर्धन सिंह, 60 किग्रा से अधिक भार वर्ग में सौरभ कुमार ने स्वर्ण जीता। वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में 40-45 किग्रा भार वर्ग में भार्गव सिंह नेतवाल ने, 62-66 किग्रा भार वर्ग में इतिश यश ने, 66-70 किग्रा भार वर्ग में भुवनेंद्र प्रताप सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 बालक वर्ग में 70-74 किग्रा भार वर्ग में मृगेंद्र प्रताप ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-14 बालिका वर्ग में 50 किग्रा से अधिक भार वर्ग में आध्या सिंह स्वर्ण जीता। अंडर-17 बालिका वर्ग में 36-40 भार वर्ग में विनस सिंह और 48-52 किग्रा भार वर्ग में सोनार सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।



## मोनाको डायमंड लीग : पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे प्रवीण चित्रवेल

**मोनाको।** भारत के प्रवीण चित्रवेल यहां चल रहे मोनाको डायमंड लीग 2023 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे। डायमंड लीग में अपने पदार्पण पर, 22 वर्षीय खिलाड़ी प्रवीण ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में 16.59 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। शनिवार देर रात उनकी अन्य छलांगें 15.69 मीटर, 16.44 मीटर, 16.54 मीटर और 16.32 मीटर थीं।

इस साल चार आउटडोर मुकाबलों में यह पहली बार था कि प्रवीण 17 मीटर का आंकड़ा पार करने में असफल रहे। वह चोट के कारण लगभग 1 महीने तक मैदान से दूर रहने के बाद वापसी कर रहे थे। प्रवीण ने मई में क्यूबा में 17.37 मीटर की ट्रिपल जंप का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जो अगस्त में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाइंग मानक को पूरा करता है। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता और दो बार के विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता बुर्किना फासो के ह्यूजेस फैब्रिस जैंगो ने 17.70 मीटर के प्रयास के साथ ट्रिपल जंप स्पर्धा जीती। मोनाको के परिणाम से डायमंड लीग फाइनल 2023 के लिए प्रवीण चित्रवेल ने तीन योग्यता रैंकिंग अंक भी अर्जित किए। वह अब स्टैंडिंग में 12वें स्थान पर हैं और हमवतन अब्दुल्ला अबूबकर से आगे हैं, जिन्होंने फ्लोरेंस डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा की थी। मोनाको में प्रतियोगिता डायमंड लीग 2023 सीज़न का नौवां चरण था। श्रृंखला 16 और 17 सितंबर को यूजीन, यूएसए में दो दिवसीय फाइनल के साथ समाप्त होगी। इससे पहले, प्रवीण को फ्लोरेंस डायमंड लीग में भाग लेना था, लेकिन चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा।



## महिला विश्व कप :स्वीडन ने दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराया



**वेलिंगटन ।** अमांडा इलेस्टेड के 89वें मिनट में किये गये गोल से स्वीडन ने रविवार को यहां महिला फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप जी के शुरुआती मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से जीत हासिल की। इससे दक्षिण अफ्रीका की टूर्नामेंट में पहला बड़ा उलटफेर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। दक्षिण अफ्रीका ने हिल्दाह मिगाला के 48वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त बना ली थी जिससे स्वीडन की टीम दबाव में आ गयी थी। लेकिन स्वीडन ने 64वें मिनट में फ्राइडोलिना रोल्फो के गोल से 1-1 से बराबरी हासिल की। मैच खत्म होने में महज एक मिनट का समय बचा था कि अमांडा ने कॉर्नर पर हेडर से गोल कर स्वीडन को जीत दिलायी।

## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने डिफेंडर सोरैशम दिनेश सिंह के साथ किया दो साल का करार

**गुवाहाटी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने बहुमुखी डिफेंडर सोरैशम दिनेश सिंह के साथ दो साल का करार किया है। शिलांग लाजोंग और रॉयल वाहिंगदोह में संक्षिप्त युवा कार्यकाल के बाद, मणिपुर में जन्मे दिनेश की पेशेवर यात्रा 2016 में रियल कश्मीर के साथ शुरू हुई। एक साल बाद, वह टीआरएयू एफसी के लिए खेलने के लिए अपने गृह राज्य लौट आए, जहां उन्होंने तीन सीज़न बिताए, जिसके दौरान रेड पायथन को आई-लीग में भी पदोन्नत किया गया। इसके बाद वह 2021-22 सीज़न से पहले नए प्रवेशकों श्रीनिदी डेक्कन में चले गए, जहां उन्होंने अगले दो सीज़न में बहुत प्रभावित किया। अब, अपने बड़े भाई सोरैशम संदीप सिंह के नक्शेकदम पर चलते हुए, 25 वर्षीय खिलाड़ी ने इंडियन सुपर लीग क्लब में कदम रखा है। क्लब द्वारा जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में दिनेश के हवाले से कहा गया, 'नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी मेरी पहली आईएसएल टीम होगी। मणिपुर के एक खिलाड़ी के लिए इस क्लब का प्रतिनिधित्व करना एक सपने के सच होने जैसा है। इस क्लब ने भारतीय फुटबॉल के लिए जिस प्रतिभा को निखारा है, उसने मुझे इसमें शामिल होने के लिए राजी करने में प्रमुख भूमिका निभाई है।' मुख्य कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने दिनेश के साथ करार पर कहा,'फुटबॉल में दोनों पैरों से कुशल होना एक दुर्लभ और मूल्यवान कौशल है। इसके अलावा, ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जो पूरी बैकलाइन पर खेल सकते हैं। दिनेश ऐसे व्यक्ति हैं जिनके पास वह क्षमता है और वह तकनीकी रूप से भी प्रतिभाशाली हैं। उनके पास काफी अनुभव भी है और वह नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं।' कोंसम फाल्गुनी सिंह, इब्सन मेलो, रिडीम त्लांग, बुआंथांगलुन समते और मिशेल ज़ाबाको के बाद, दिनेश नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ करार करने वाले छठे नए फुटबॉलर और ट्रांसफर विंडो के तीसरे डिफेंडर बन गए हैं।



## 'अंपायरिंग मानकों' पर भड़कीं हरमनप्रीत

**ढाका।** भारत और बंगलादेश के बीच तीसरा महिला एकदिवसीय मैच रोमांचक टाई पर समाप्त होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अंपायरिंग के मानकों की जमकर आलोचना की। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि इस मैच से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है। क्रिकेट के अलावा भी जिस तरह की अंपायरिंग हो रही थी, हम बहुत हैरान थे। अगली बार जब हम बंगलादेश आयेंगे तो ध्यान रखेंगे कि हमें इस प्रकार की अंपायरिंग से निपटना होगा और उसके अनुसार खुद को तैयार करना होगा।'



# कारोबार

## फेड ने लंबे समय से प्रतीक्षित तत्काल भुगतान सेवा फेडनाउ लॉन्च किया, भारत में पहले से मौजूद ऐसी सेवा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के बैंकिंग क्षेत्र के नियामक फेडरल रिजर्व ने एक लंबे समय से प्रतीक्षित सेवा फेडनाउ की शुरुआत कर दी है। इसका उद्देश्य देश की भुगतान प्रणाली को आधुनिक बनाना है। इस तहत अमेरिकियों को 24 घंटे और सप्ताह में सात दिन धन भेजने और प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को घोषणा की। 'फेडनाउ' सेवा जो 2019 से काम कर रही है, अब व्यापक तौर पर इस्तेमाल होने नकद हस्तांतरण में लगने वाले कई दिनों के अंतराल को खत्म करने की कोशिश करेगी। इस सेवा के शुरू होने के बाद अमेरिका यूनाइटेड किंगडम, भारत, ब्राजील और यूरोपीय संघ सहित उन देशों की सूची में शामिल हो जाएगा जहां इसी तरह की सेवाएं वर्षों पहले से मौजूद हैं।



फेडनाउ ने 41 बैंकों और 15 सेवा प्रदाताओं को यह सेवा मुहैया कराने के लिए प्रमाणित किया है जिसमें सामुदायिक बैंक और जेपी मॉर्गन चेस, बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलन और यूएस बैंककॉर्प जैसे बड़े उधारदाता शामिल हैं। लेकिन फेड इस साल और अधिक बैंकों और क्रेडिट यूनियनों को शामिल करने की योजना बना रहा है। फेड ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि अब तक 35 बैंक और क्रेडिट यूनियन के साथ ट्रेजरी विभाग का राजकोषीय सेवा ब्यूरो इस सेवा का उपयोग करेंगे।

**बड़े बैंको ने शुरू में किया था सेवा का विरोध**

यह सेवा द क्लियरिंग हाउस के आरटीपी नेटवर्क सहित निजी क्षेत्र की रीयल-टाइम भुगतान प्रणालियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी और शुरू में बड़े बैंकों द्वारा इसका विरोध किया गया था, उन्होंने कहा था कि यह अनावश्यक है। लेकिन अब कई लोग इस आधार पर इसका इस्तेमाल करने पर सहमत हुए हैं कि फेडनाउ उन्हें उन सेवाओं का विस्तार करने की अनुमति देगा जो वे ग्राहकों को पेशकश कर सकते हैं। यूएस बैंक में वैश्विक भुगतान और एम्बेडेड भुगतान के प्रमुख अनु सोमानी ने कहा, हमारे लिए, फेडनाउ वास्तव में पहुंच का विस्तार करने का एक शानदार तरीका है।

## देश का पहला निजी हिल स्टेशन लवासा 1814 करोड़ में बिका, एनसीएलटी ने दी मंजूरी

**जयपुर।** नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने भारत के पहले निजी हिल स्टेशन लवासा को डार्विन प्लेटफॉर्म इंफ्रास्ट्रक्चर को बेचने की मंजूरी दे दी है। एनसीएलटी के आदेश में प्रस्तुत समाधान योजना को डार्विन के कर्जदाताओं की ओर से हरी झंडी मिलने बाद एनसीएलटी ने लवासा को बेचने की मजूरी दी है। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने निजी हिल स्टेशन लवासा के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू होने के लगभग पांच साल बाद 1,814 करोड़ रुपये की समाधान योजना को मंजूरी दी है।

इसमें आठ वर्षों में 1,814 करोड़ रुपये के भुगतान की परिकल्पना की गई है। इस समाधान योजना में कर्जदाताओं को 929 करोड़ रुपये और घर खरीदारों को पूरी तरह से निर्मित घरों को मुहैया कराने पर 438 करोड़ रुपये खर्च करना शामिल है। 837 होमबायर्स ऐसे हैं जिनके दावे स्वीकार कर लिए गए हैं।

उनके स्वीकार किए गए दावों में कुल 409 करोड़ रुपये हैं।



कंपनी ने कर्जदाताओं और परिचालन कर्जदाताओं सहित कुल 6,642 करोड़ रुपये का दावा स्वीकार किया है। डार्विन प्लेटफॉर्म इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) लवासा कॉरपोरेशन लिमिटेड के लिए विजेता बोलीदाता बनी है। यह कंपनी मुख्य रूप से पुणे में निजी हिल स्टेशन के व्यवसाय में है।

न्यायाधिकरण ने पारित 25 पेज के आदेश में 1,814 करोड़ रुपये के निवेश की समाधान योजना को मंजूरी दी। आदेश में कहा गया,इस राशि में 1,466.50 करोड़ रुपये की समाधान योजना राशि शामिल है, जिससे कॉरपोरेट कर्जदार को किश्तों में दिए गए धन के लिए भुगतान किया जाएगा।

समाधान योजना को एक निगरानी समिति की देखरेख में लागू किया जाएगा। इस समिति में दिवाला पेशेवर, वित्तीय ऋणदाता और डार्विन प्लेटफॉर्म का एक-एक प्रतिनिधि शामिल होगा। एनसीएलटी ने कहा, ÷समाधान योजना संहिता के साथ ही विनियमनों के तहत सभी जरूरी वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा करती है। हम इसे मंजूरी देते हैं।÷ दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवाला समाधान प्रक्रिया अगस्त 2018 में शुरू की गई थी।

## भारत में चीनी मोबाइल कंपनियों ने की 9,000 करोड़ की कर चोरी, सरकार ने वसूले 1,629 करोड़

**बीजिंग।** चीन की मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों ने सीमा शुल्क व जीएसटी के रूप में 9,000 करोड़ की कर चोरी की है। सरकार इसमें से 1,629 करोड़ की वसूली कर चुकी है। वर्ष 2017-18 से अब तक आंकड़ों के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक व सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यह जानकारी दी। चीनी मोबाइल कंपनियों की तरफ से भारत में निवेश, रोजगार और कर से जुड़े सवाल का लिखित जवाब देते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि ओप्पो ने सबसे ज्यादा 5,086 करोड़ की कर चोरी की है। इसमें 4,403 करोड़ सीमा शुल्क व 683 करोड़ जीएसटी के शामिल हैं। वीवो ने 2,923.25 करोड़, शाओमी ने 851.14 करोड़ रुपये की कर चोरी की।

**1.5 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया-** चंद्रशेखर ने बताया कि ओप्पो की 4,389 के सीमा शुल्क की चोरी में से 1,214.83 करोड़ की वसूली की गई है। वहीं, वीवो से 168.25 करोड़ और शाओमी से 92.8 करोड़ वसूले गए। चीनी कंपनियों का 2021-22 में कुल टर्नओवर करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये रहा। इन कंपनियों ने 75,000 हजार लोगों को प्रत्यक्ष व 80,000 हजार को अप्रत्यक्ष रोजगार मुहैया कराया है। सरकार ने संसद बताया कि 22 देशों के बैंकों ने स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने के लिए भारतीय बैंकों में विशेष खाते खोले हैं। लोकसभा में एक लिखित जवाब में केंद्रीय राज्य मंत्री (विदेश मामले) राजकुमार रंजन सिंह ने यहां खाता खोलने वाले देशों की जानकारी दी। भारत में वर्ष 202-23 में पहली बार एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के रक्षा उपकरणों का उत्पादन किया गया। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन व निर्माण को प्रोत्साहित किया है। इसके लिए एमएसएमई व स्टार्टअप को मौका दिया जा रहा है। देश में रक्षा उपकरण निर्माण व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस , प्रौद्योगिकी विकास कोष जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## अमेरिका में सिरफिरे व्यक्ति ने बार में लगा दी आग, 11 लोगों की मौत

**मेक्सिको।** अमेरिका के उत्तरी मैक्सिकन सीमावर्ती शहर सैन लुइस रियो कोलोराडो में एक सिरफिरे व्यक्ति ने बार में आग लगा दी। इस दौरान 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मेक्सिको में महिलाओं के प्रति अनुचित व्यवहार के कारण एक व्यक्ति को बार से बाहर निकाल दिया गया था। इसके बाद उसने बार में आग लगा दी। मृतकों में चार महिलाएं भी हैं।शहर के मेयर सैंटोस गोंजालेज ने कहा कि आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



## बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना इटली रवाना

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के निमंत्रण पर रविवार को ढाका से इटली के लिए रवाना हो गईं। वह 24, 25 और 26 जुलाई को रोम में होने वाले संयुक्त राष्ट्र खाद्य प्रणाली शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी। शिखर सम्मेलन खाद्य और कृषि संगठन के मुख्यालय में होगा। आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार हसीना इटली प्रवास के दौरान 25 जुलाई को अपने इतालवी समकक्ष जियोर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगी। 24 जुलाई को प्रधानमंत्री विशेष अतिथि के तौर पर शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करेंगी। वह बांग्लादेश-बंगबंधु शेख मुजीब कक्ष के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लेंगी।



## बलूचिस्तान के वाध में युद्धविराम, जनजीवन पटरी पर

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के वाध जिले में युद्धविराम के बाद जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है। यह इलाका कबीलों के बीच छिड़े सशस्त्र युद्ध से रक्तरंजित रहा है। सरवन जनजाति के प्रमुख नवाब असलम रायसानी और झालावन कबीले के बुजुर्गों के नेतृत्व में मध्यस्थता के प्रयास सफल रहे। मेंगल जनजाति के दोनों युद्धरत गुट अनिश्चितकाल के लिए युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। इन गुटों ने लड़ाई में मोर्टार गोलों और रॉकेट तक प्रयोग किया। दोनों पक्ष 24 घंटे के संघर्ष विराम पर शुक्रवार रात सहमत हुए। नवाब रायसानी ने रात को युद्धविराम की घोषणा की। इसी के साथ सुबह मुख्य बाजार और दुकानें खुल गईं। वाध जिला प्रशासन का कहना है कि क्वेटा-कराची राजमार्ग पर यातायात बहाल हो गया है।



## बांग्लादेश में हादसाः तालाब में गिरी बस, 17 लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बड़ा हादसा हुआ। दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश में एक यात्री बस सड़क किनारे एक बड़े तालाब में गिर गई। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हो गयी और 24 से अधिक घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम बांग्लादेश के झलकाठी जिले में यह हादसा हुआ। 60 से अधिक यात्रियों से भरी एक बस भंडरिया से बरिशाल जा रही थी। अचानक झलकाठी में चालक ने बस पर नियंत्रण खो दिया। बस सड़क किनारे एक बड़े तालाब में गिर गयी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कि गोताखोरों ने 17 शवों को निकाला है और पुलिस क्रेन भारी बारिश के कारण पानी से भरे तालाब से बस को निकालने की कोशिश कर रही है। पुलिस उप निरीक्षक गौतम कुमार घोष ने बताया कि मृतकों में आठ महिलाएं और तीन बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि बस के अंदर और शव फंसे होने की आशंका है।

# बांग्लादेश में डेंगू से महामारी फैली, 43 लोगों की मौत, 500 मरीज अस्पताल में

**ढाका।** बांग्लादेश में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बीच स्वास्थ्य मंत्री जाहिद मलिक ने राजधानी के मुग्दा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने यहां दाखिल डेंगू के मरीजों और डॉक्टरों से बात कर मौजूदा स्थिति को जाना। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों से कहा, हाल के कुछ दिनों में डेंगू के 43 मरीज दम तोड़ चुके हैं। इस अस्पताल में करीब 5000 मरीज भर्ती हुए हैं। 4500 को छुट्टी दी जा चुकी है। बाकी का इलाज चल रहा है। प्रतिदिन 100 से अधिक डेंगू मरीज भर्ती हो रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री मलिक ने कहा, इनमें से ज्यादातर मरीज कार्यस्थलों में संक्रमित हुए हैं। तमाम मरीजों की शिकायत है कि नगर निगम मच्छर मारने के लिए दवा का पर्याप्त छिड़काव नहीं कर रहा। इस कारण भी डेंगू रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इस बीमारी से प्रभावित होने वालों में लगभग 63 फीसद पुरुष और 37 फीसदी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि मुग्दा अस्पताल डेंगू से लड़ने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रहा है। मगर संसाधनों के अपेक्षाकृत मरीजों की संख्या अधिक है। यहां फिलहाल 52 आईसीयू हैं। हर दिन 1,000 से अधिक डेंगू परीक्षण किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि फिलहाल देश के सभी अस्पतालों में 6,000 से ज्यादा डेंगू के मरीज हैं। इनमें से अकेले ढाका में करीब 3000 मरीज हैं। इस बीच बांग्लादेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि देश में डेंगू की स्थिति भयावह स्तर पर पहुंच गई है। इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस साल जनवरी से अब तक डेंगू से 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 30,000 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।



## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में स्थायी भुगतान तंत्र पर होगी चर्चा, अमेरिकी डॉलर से आगे बढ़ने की कोशिश

**मॉस्को:** ब्रिक्स देश अगले महीने होने वाले अपने शिखर सम्मेलन में जिन महत्वपूर्ण विषयों पर विचार करेंगे, उनमें से एक सीमा पार वाणिज्य के लिए दीर्घकालिक भुगतान प्रणाली की स्थापना है। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 22-24 अगस्त को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होना है।

बता दें, ब्रिक्स देश आपसी व्यापार में अमेरिकी डॉलर से आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। सम्मेलन का जिक्र करते हुए रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा, मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए, इस मुद्दे को ब्रिक्स के नेताओं की आगामी बैठक के दौरान संबोधित किया जाएगा। चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका समेत कई विकासशील देशों ने व्यापार में वैकल्पिक मुद्राओं की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है।

रूसी विदेश मंत्रालय के मुताबिक, सीमा पार वाणिज्य में राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग उनके प्रतिबंधित लेन-देन और अमेरिकी डॉलर की तुलना में अस्थिरता के कारण बाधित होता है। रूसी सरकार ने यह भी माना है कि शायद नई ब्रिक्स साझा मुद्रा लॉन्च करना नाजुक प्रक्रिया होगी।दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष ब्रिक्स का अध्यक्ष है। इस साल थीम है- ब्रिक्स और अफ्रीका- पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, सतत विकास और समावेशी बहुपक्षवाद के लिए साझेदारी।

## द्वितीय विश्व युद्ध में भारतीय सेना के योगदान को इटली ने दिया सम्मान, बनाया खास स्मारक

**इटली।** इटली ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बलिदान होने वाले भारतीय सैनिकों को सम्मान दिया है। इटली के मोनटोने इलाके में भारतीय सैनिकों के सम्मान में एक स्मारक का अनावरण किया गया। इस स्मारक का अनावरण कम्यून ऑफ मोनोटोन और इटली के सैन्य इतिहासकारों ने किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों का अहम योगदान रहा था। **भारतीय राजदूत, भारतीय सेना के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद** खबर के अनुसार, इटली के पेरुगिया में मोनटोने में वी.सी यशवंत घाडगे सनडायल मेमोरियल का अनावरण किया गया। यह स्मारक द्वितीय विश्व युद्ध में इटली की तरफ से लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की याद में बनाया गया है। साथ ही बलिदानी नायक यशवंत घाडगे को विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित किया गया। यशवंतराव घाडगे ऊपरी टिबेर घाटी में युद्ध के दौरान बलिदान हुए थे। भारतीय सैनिकों के सम्मान में बनाए गए स्मारक के अनावरण के मौके पर इटली में भारत की राजदूत डॉ. नीना मल्होत्रा, भारतीय सेना के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में भारतीय मूल के नागरिक और इटली की सेना के अधिकारी मौजूद रहे। **50 हजार से ज्यादा सैनिकों ने लिया था हिस्सा** इटली के लिए लड़ते हुए भारतीय सैनिकों ने द्वितीय विश्व युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना की चौथी, आठवीं और दसवीं डिविजन के 50 हजार से ज्यादा सैनिकों ने युद्ध में हिस्सा लिया था।भारतीय सैनिक द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कितनी वीरता से लड़े, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत के 20 सैनिकों को विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित किया गया।



## न्यायिक सुधार बिल के खिलाफ प्रदर्शनों के बीच PM नेतन्याहू अस्पताल में भर्ती, की जाएगी सर्जरी

**यरूशलेः** मइस्राइल में न्यायिक सुधार विधेयक के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने बड़ी संख्या में रैली निकाली। न्यायिक सुधार बिल पर पहले से ही बवाल मचा हुआ है। बिल के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत में अंतिम मतदान किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने नेसेट के पास एक टेंट सिटी स्थापित की है। इस बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को रविवार तड़के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया है कि उन्हें असंतुलित धड़कनों की वजह से अब पेसमेकर लगाया जाएगा। पीएम के कार्यालय ने रविवार तड़के यह जनकारी दी। बताया गया है कि इस्राइली प्रधानमंत्री को सिडेशन (बेहोशी की हालत) में रखा जाएगा। गौरतलब है कि नेतन्याहू को पिछले हफ्ते भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब भी उनके सीने में दर्द की समस्या थी, जिसके बाद उन्हें इमरजेंसी वॉर्ड में भर्ती किया गया। अधिकारियों ने कहा था कि वे बेहोश हो गए थे, लेकिन अस्पताल में वह पूरी तरह से होश में थे। वे चलकर अस्पताल के इमरजेंसी रूम पहुंचे थे।**न्यायिक सुधार विधेयक को लेकर घिरे हैं नेतन्याहू** प्रदर्शनकारियों ने न्यायिक बदलाव के खिलाफ रैली निकालते हुए तेलअवीव और यरूशलेम में विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने चार प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। इस्राइली मीडिया के अनुसार, नेतन्याहू सरकार देश के न्यायिक व्यवस्था में सुधार के लिए एक प्रस्ताव लाई है, जिसके बाद प्रदर्शन किया गया। बिल लागू होने के बाद सरकार को न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार मिल सकेगा। विधेयक को कानून बनने में अतिरिक्त दो वोटों के पारित होने की आवश्यकता है। कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बिल के कारण देश दो घड़ो में बंट गया है। बिल ने इजराइल के इतिहास में सबसे बड़े विरोध आंदोलनों में से एक को जन्म दिया है।



# नोवा स्कॉशिया में पांच दशकों बाद आई बाढ़, पूरे प्रांत में तबाही का मंजर; चार लोग लापता

**ओटेवा।** अटलांटिक कनाडा के नोवा स्कॉशिया में पांच दशकों में सबसे ज्यादा बारिश हुई। इसके कारण यहां बाढ़ आ गई और भारी नुकसान हुआ। अधिकारियों का कहना है कि दो बच्चों सहित चार लोग लापता हैं। **50 से अधिक वर्षों बाद आया तूफान** कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प के मौसम विज्ञानी रयान स्नोडन के अनुसार, इस साल आई बारिश ने सन् 1971 में आए तूफान के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। दरअसल, नोवा स्कॉशिया में शुक्रवार को तूफान आया और तेज बारिश शुरू हो गई। **तीन महीने की बारिश एक दिन में बरसी** यहां 24 घंटे के अंदर कुछ क्षेत्रों में 25 सेमी (10 इंच) से अधिक बारिश हुई। आमतौर पर इतनी बारिश तीन महीनों में होती है। एक दिन में इतनी भयंकर बारिश के कारण बाढ़ आ गई। इसकी वजह से सड़कें बह गईं, पुल क्षतिग्रस्त हो गए और इमारतें डूब गईं। पूरे प्रांत में तबाही का मंजर है।सरकार से मांगेंगे मदद नोवा स्कॉशिया के प्रीमियर टिम ह्यूस्टन ने कहा कि हमारे सामने एक डरावनी स्थिति है। कम से कम सात पुलों को बदलना होगा या उनका पुनर्निर्माण करना होगा। उन्होंने कहा कि घरों का डूबना सबसे बड़ी क्षति है। यह अकल्पनीय है। स्थिति को सामान्य करने के लिए प्रांत संघीय सरकार से मदद मांगेंगे। वहीं, दूसरी तरफ प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी बाढ़ को लेकर चिंता जताई। उन्होंने वादा किया कि हर संभव मदद करेंगे। **मौसम संबंधी आपदाओं से घिरा यह साल** कनाडा में यह साल मौसम संबंधी आपदाओं से घिरा देखा गया है। पहले ही यहां जंगल में लगी आग ने रिकॉर्ड संख्या में हेक्टेयर को जला दिया, जिससे संयुक्त राज्य अमेरिका में धुएं के बादल देखे जा सकते हैं। वहीं, इस महीने की शुरुआत में तेज बारिश के कारण कई पूर्वी अमेरिकी राज्यों में बाढ़ आ गई।



## बार में महिलाओं से कर रहा था बदतमीजी, बाहर निकालने पर भड़का और लगा दी आग; 11 की मौत

**मेक्सिकोः** मेक्सिको के एक बार में महिलाओं के साथ एक शख्स बदतमीजी कर रहा था। कर्मचारियों द्वारा बाहर निकाले जाने पर व्यक्ति भड़क गया और बार में आग लगा दी। इससे 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। घटना शुक्रवार देर रात अमेरिका की सीमा से लगे उत्तरी राज्य सोनोरा के सैन लुइस रियो कोलोराडो शहर में हुई। सोनोरा में स्थित राज्य अभियोजक के कार्यालय का कहना है कि आग में सात पुरुषों और चार महिलाओं की मौत हुई है। वहीं, चार अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मोलोटोव कॉकटेल से लगाई आग अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि शनिवार तड़के हमले के समय आरोपी बहुत नशे में था। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के कारण उसे बार से बाहर निकाल दिया गया था। बाद में, वह गुस्से में वापस लौटा और बार के दरवाजे पर मोलोटोव कॉकटेल फेंक दिया।



## इमरान खान नहीं पहुंचे अदालत, जज ने व्यक्त की नाराजगी, सोमवार को तलब किया

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में बहुचर्चित तोशखाना मामले की सुनवाई हुई। इस केस में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान आरोपी हैं। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश हुमायूं दिलावर ने सुनवाई की। उन्होंने इमरान खान के बार-बार गैरहाजिर रहने पर नाराजगी जताई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में बैरिस्टर गौहर अली ने इमरान खान और अधिवक्ता अमजद परवेज ने चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व किया। बैरिस्टर अली ने इस मामले की दैनिक सुनवाई पर आपत्ति जताई। तब न्यायाधीश ने इमरान खान के बार-बार उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की। मगर उन्होंने इमरान को उपस्थिति में आज (एक दिन) की छूट देने की याचिका स्वीकार कर ली। अदालत ने हुक्म दिया कि इमरान की उपस्थिति 24 जुलाई को सुनिश्चित कराई जाए।

बैरिस्टर अली ने कहा कि इमरान अपने खिलाफ क्वेटा में दायर एक मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश होंगे। इस पर न्यायाधीश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शीर्ष अदालत में पेश होने के बाद इस अदालत में पेश हो सकते हैं।



# रूसी व्यक्ति ने ड्रिल मशीन से अपने ही दिमाग में किया छेद, मरने की नौबत आने पर भी लगाई चिप

**रूस।** रूस में एक व्यक्ति ने बगैर किसी मदद के घर में ड्रिल मशीन से अपने ही दिमाग की सर्जरी कर डाली। इसके बाद उसमें एक चिप इंप्लांट की। सपनों को नियंत्रित करने की चाह में वह 10 घंटे तक मौत के मुंह में रहा। अपनी सर्जरी करने वाले माइकल रडुगा ने कहा कि उसे न्यूरोसर्जरी का कोई अनुभव नहीं था। इस दौरान उसका बहुत खून बह गया था। जान जाने तक की नौबत आ गई थी। घंटों बाद उसने अपने मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड (एक चिप) प्रत्यारोपित किया। उसे लगता है कि इससे वह एक दिन अपने सपनों को नियंत्रित करने में पूरी तरह से सक्षम हो जाएगा। माइकल ने बताया, मेरे पास न्यूरोसर्जरी से संबंधित कोई योग्यता नहीं है। इसके बाद मैंने हार्डवेयर स्टोर में मिली एक ड्रिल की मदद से सिर में छेद किया और त्वचा के कुछ हिस्सों को पेपर क्लिप की मदद से पकड़कर चिप को इंप्लांट कर दिया। माइकल ने कहा, शुरू में मुझे डर लग रहा था, लगभग बेहोशी की हालत हो गई थी। बहुत खून बह गया था। **सर्जरी करके खुश हूं माइकल** माइकल ने कहा कि इतनी खतरनाक प्रक्रिया करके और नए तरीकों का परीक्षण करके मैं बेहद खुश हूं। यह तरीका एक दिन बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। इससे लोगों को उनके सपनों में प्रवेश करने की अनुमति मिल सकती है। माइकल ने सर्जरी के 5 हफ्ते बाद चिप हटा दी, क्योंकि इसके कारण उसे लंबे समय तक चलने वाले नुकसान का खतरा हो सकता है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के सलाहकार न्यूरोसर्जन एलेक्स ग्रीन ने कहा, इसे घर पर बिल्कुल नहीं आजमाना चाहिए क्योंकि यह खतरनाक है।



## पाकिस्तान में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घर पर मृत पाए गए

**लाहौर।** पाकिस्तान पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लाहौर के डीआईजी शारिक जमाल शनिवार तड़के लाहौर के डीएचए क्षेत्र में अपने सरकारी आवास पर मृत पाए गए। सबसे पहले उन्हें लाहौर के नेशनल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि की। इसके बाद पुलिस ने उनके परिवार को सूचित किया। तब उनकी पत्नी और बेटी नेशनल अस्पताल पहुंचे। एसएचओ शब्बीर अवान का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिन्ना अस्पताल भेजा गया है। मौत का सही कारण शव परीक्षण के बाद ही पता चलेगा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंपा जाएगा।




# रूस ने खारकीव पर किया हमला, दो की मौत; मॉस्को में गर्म पानी का पाइप फटने से चार लोगों की गई जान

**रूस :** ने यूक्रेन पर एक बार फिर हमला कर दिया। रूस द्वारा अलग-अलग इलाकों में हुए हमले के कारण पूर्वी यूक्रेन में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग घायल हो गए। इसके अलावा, आसपास स्थित प्रतिष्ठानों को भी नुकसान पहुंचा है। विदेशी मीडिया के मुताबिक, यूक्रेनी ड्रोन ने हमले में क्रीमिया के एक गोला-बारूद डिपो उड़ा दिया।

रूसी सैनिकों ने ड्वोरिचना शहर में भी गोलीबारी विदेशी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने खारकीव क्षेत्र के कुप्यांस्क शहर पर हमला किया था। गोलीबारी में 57 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। इसके अलावा, रूसी सैनिकों ने ड्वोरिचना शहर में भी गोलीबारी की। यहां 45 वर्ष के एक नागरिक की मौत हो गई। जबकि, एक बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती है और जिंदगी-मौत के बीच जंग लड़ रहा है। इसके अलावा, खारकीव के वेलीकी बर्लुक में 30 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया। **गोलाबारी के कारण रूसी पत्रकार की मौत** खारकीव क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि कुपयांस्क के आसपास के इलाकों में यूक्रेन के लड़ाके मज़बूती से तैनात हैं। दुश्मन अबतक आगे नहीं बढ़ पाया है। रूसी रक्षा मंत्रालय का कहाना है कि यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरीजिया क्षेत्र में गोलाबारी के कारण एक रूसी पत्रकार की मौत हो गई। जबकि, तीन रूसी पत्रकार घायल हैं। रूसी मंत्रालयों के अनुसार, यूक्रेनी तोपखाने के हमले में पत्रकार घायल हो गया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। रूसी सेना ने बताया कि यूक्रेनी सेना ने क्लस्टर हथियारों का उपयोग किया, जिससे एक पत्रकारों की मौत और तीन पत्रकार घायल हो गए।



माधव संदेश हिन्दी दैनिक के स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरविन्द्र कुमार माधव प्रेस 561 नौरंगाबाद इटावा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक अरविन्द्र कुमार मो. 9412612728,9412492416 आर.एन. आई. 51763/91 ई-मेल: madhavttw2728@gmail.com पीआरवी एक्ट के अंतर्गत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार समस्त विवादों का क्षेत्र इटावा के न्यायालय के अधीन ही होगा।